वित्तीय प्राक्कलन
तथा
निष्पादन बजट

वर्ष 2019–2020

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
पंचदीप भवन, सी.आइ.जी. मार्ग,
नई दिल्ली–110002

विषय सूची

विवरण		पृष्ठ संख्या
अधिशासी सारांश		3–13
बजट एक नज़र में		14
वर्ष 2018–2019 के लिए परिशोधित प्राक्कलन तथा 2019–2020 के बजट प्राक्कलन पर व्याख्यात्मक ज्ञापन		15–34
विवरण क :	राजस्व प्राक्कलन	35–39
विवरण ख :	व्यय प्राक्कलन	40–47
परिशिष्ट :–		
1)	दिनांक 31.03.2019 तथा 31.03.2020 तक योजना के अंतर्गत व्याप्त किए जाने वाले कर्मचारियों की प्रत्याशित संख्या का सूचक विवरण	48–49
2)	प्रति व्यक्ति आय और व्यय का सूचक विवरण	50
3)	वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में पूंजीगत निर्माण तथा उनकी बजट आवश्यकताओं का विवरण	51–58
निष्पादन बजट 2019–2020		59–76
संलग्नक :–		
1)	व्याप्ति की राज्यवार स्थिति का सूचक विवरण (दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार क.रा.बी. योजना के अधीन कर्मचारियों, बीमाकृत व्यक्तियों/बीमाकृत महिलाओं तथा परिवार एककों की संख्या)	77–81
2)	क.रा.बी. योजना के अंशदान से प्रति व्यक्ति आय और विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत व्यय का सूचक विवरण	82

अधिशासी सारांश

प्रस्तुत दस्तावेज में क.रा.बी. निगम का वित्तीय वर्ष 2018–2019 का परिशोधित बजट प्राक्कलन तथा वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन है।

क.रा.बी. निगम बीमाकृत व्यक्तियों को बीमारी तथा मजदूरी की हानि के फलस्वरूप रोजगार चोट के कारण निःशक्तता और मृत्यु, मातृत्व की विषम आकस्मिकताओं तथा बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवारों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन उद्धेश्यों की प्राप्ति हेतु, क.रा.बी. निगम निम्नलिखित मुख्य पहलों की सीमा पर है, जैसे आशोधित बीमा चिकित्सा व्यवसायी योजना, देश के प्रत्येक जिले में औषधालय–सह–शाखा कार्यालय तथा 30 नए अस्पतालों का निर्माण, जिससे काफी हद तक बीमाकृतों की जनसंख्या के लिए प्राथमिक और द्वितीयक स्तरीय चिकित्सा देखरेख की उपलब्धता में बढ़ोतरी संभावित है।

1.1 क.रा.बी. योजना का प्रसार :

1.1.1 द्वितीय चरण सुधार क.रा.बी. निगम 2.0 के अनुक्रम में, क.रा.बी.निगम ने क.रा.बी. योजना की पूरे देश में व्याप्ति के लिए निम्नलिखित लक्ष्यों के साथ एक कार्य योजना बनाई है :–

क्र.सं.	विषय	लक्ष्य वर्ष
1 (क)	जिन 81 जिलों में क.रा.बी. योजना आंशिक रूप से कार्यान्वित है, वहाँ उसे पूर्ण रूप से कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2019
1 (ख)	जिन 97 जिला मुख्यालय क्षेत्रों को अधिसूचित किया गया है, वहाँ इस योजना को पूर्ण रूप से कार्यान्वित करना।	
2	जिन 179 जिलों में योजना कार्यान्वित नहीं है, उन जिलों के मुख्यालयों में योजना कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2020
3	179 जिला मुख्यालयों के अधिसूचित होने के अनुवर्ती वर्ष में संपूर्ण जिलों में योजना कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2021

क.रा.बी. योजना के देश के विस्तृत भौगोलिक विस्तार होने तथा क.रा.बी. योजना के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा के हितलाभ सभी पात्र कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को उपलब्ध कराने के साथ–साथ, बीमाकृत व्यक्तियों की वृद्धि तथा लाभार्थी केंद्रित सेवाओं सहित आंतरिक लक्ष्य भी तैयार किए जा रहे हैं।
वर्तमान में, यह योजना 529 जिलों में विद्यमान है जिसमें 351 पूर्णतया कार्यान्वित जिले, 97 जिला मुख्यालय शामिल हैं, जबकि 81 जिलों में यह आंशिक रूप से कार्यान्वित है।

1.1.2 **राज्यों द्वारा राज्य स्वायत्त निकाय/सोसायटी का गठन :–**

क.रा.बी.निगम ने अपनी 167वीं बैठक में राज्य स्तर पर पूरक निगम की व्यापक संरचना अनुमोदित की तथा तत्पश्चात निगम की 172वीं बैठक में क.रा.बी. अधिनियम 1948 की धारा 58 के अंतर्गत राज्य स्वायत्त निकाय/सोसायटी की नई संरचना अनुमोदित की गई। राज्य इस निकाय को एक सोसायटी के साथ–साथ एक न्यास के रूप में भी पंजीकृत करेंगे तथा क.रा.बी.निगम उन्हें सीधे निधि जारी करेगा। स्वायत्त निकाय के गठन के लिए 14 राज्य[1] सहमत हो गए हैं तथा वे निगम द्वारा समय–समय पर निर्धारित की गई उच्चतम सीमा तक व्यय के 100% वहन का लाभ पाने के हकदार हैं। कुछ राज्यों ने स्वायत्त निकाय की संरचना में परिवर्तन और समय के विस्तार हेतु अनुरोध किया है, ताकि उच्चतम सीमा तक 100% हेतु पात्र बन सकें। इस मामले पर निगम की 174वीं बैठक में चर्चा की गई थी, और इसे एक उप–समिति को निर्देशित किया गया था। मामला उप समिति के पास है।

राज्य स्वायत्त निकायों/सोसाइटी के गठन से क.रा.बी. योजना के बीमाकृत व्यक्तियों और लाभार्थियों को बेहतर प्राथमिक और द्वितीयक देख–रेख के द्वारा चिकित्सा हितलाभ आपूर्त करने वाली सेवा में बहुत सुधार होगा।

1.2 अंशदान का युक्तियुक्तकरण

क.रा.बी.निगम द्वारा दिनांक 18.09.2018 को आयोजित अपनी 175वीं बैठक में किए गए निर्णय के अनुसार, माननीय अध्यक्ष, क.रा.बी.निगम ने अंशदान की आय के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें अंशदान की कुल दर किसी कर्मचारी को देय मजदूरी के 5 प्रतिशत के बराबर है, जो मौजूदा 4.75 प्रतिशत नियोक्ता के अंश और 1.75 प्रतिशत कर्मचारी के अंश के स्थान पर क्रमशः 4 प्रतिशत और 1 प्रतिशत है। निर्णय के अनुसरण में, कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय), नियमाावली, 1950 के नियम 51 को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी करके संशोधित किया जाना है। इसके अनुसार मसौदा अधिसूचना मंत्रालय को भेज दी गई है। यह अपेक्षित है कि कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय) नियमावली का संशोधित नियम 51, दिनांक 01.04.2019 से प्रभावी होगा।

1.3 चिकित्सा सेवाएँ :

वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलनों में चिकित्सा हितलाभों (1.3.1 से 1.3.4) के लिए कुल ₹ 8,799 करोड़ का प्रावधान है जो वर्ष 2018–2019 के लिए प्रदर्शित अंशदान आय का 41% है। बजट प्राक्कलन में 2019–2020 में ₹ 10568.29 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि वर्ष 2019–2020 की अनुमानित अंशदान आय का 57.64% है।

1.3.1 **नए कार्यान्वित क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था :**

क.रा.बी.निगम 2.0 के अंतर्गत नामांकित नए बीमाकृत व्यक्तियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए, जहां स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए क.रा.बी.निगम के पास कोई अवसंरचना नहीं है, वहां आशोधित नियोक्ता उपयोगिता औषधालय(ईयूडी)[2] तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायी(आइएमपी)[3] योजना आरंभ करना प्रस्तावित है। इस योजना के अंतर्गत कर्मचारी उपयोगिता औषधालय तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायियों के माध्यम से प्राथमिक देखरेख सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसके लिए वर्ष 2019–2020 के संबंध में ₹ 10.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। द्विवितीयक, अर्थात अस्पताल स्तर पर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को सम्मानित निजी स्वास्थ्य देखरेख प्रदाताओं के साथ टाई–अप व्यवस्थाओं में प्रवेश करने के लिए पहले से ही प्राधिकृत कर दिया गया है और यथासमय, प्रत्येक जिले में औषधालय–सह–शाखा कार्यालय से यह अपेक्षित होगा कि वे जिले स्तर पर रेफरल और प्रतिपूर्ति के लिए सभी टाई–अप की देखरेख करें। इसी प्रकार द्वितीयक

---

[1]तमिलनाडु, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पुदुचेरी, चंडीगढ़, मिजोरम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश एवं मेघालय राज्य

[2]नियोक्ता उपयोगिता औषधालय

[3]**बीमा चिकित्सा व्यवसायी**

देखरेख सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना[4] को लाना प्रस्तावित था। चूंकि स्वास्थ्य बीमा योजना पर उप–समिति की रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है, अतः बजट प्राक्कलन 2019–2020 में ₹1.00 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त, क.रा.बी. योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली परियोजना कार्यान्वयन योजना(पीआइपी) के तहत परिशोधित बजट वर्ष 2018–2019 में ₹100.00 करोड़ की अतिरिक्त निधि आबंटन का प्रावधान है।

1.3.2 **<u>अति विशिष्टता उपचार (एसएसटी) :</u>**

क.रा.बी.निगम देश भर में करीब 1,632 टाइ–अप अस्पतालों के माध्यम से अति विशिष्टता उपचार सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसमें मई 2017 से यूटीआई आईटीएसएल की सेवाएं बिल प्रक्रमण एजेन्सी (बीपीए) के रूप में ले लिया गया हैं। अक्टूबर 2018 से रेफरल यूटीआई माड्यूल के माध्यम से जनरेट किए जा रहे हैं। इस प्रणाली के माध्यम से किए गए भुगतानों का ऑनलाइन अनुवीक्षण किया जा रहा है ताकि पारदर्शिता आए और टाई–अप अस्पतालों को समय पर भुगतान हो। इस प्रणाली के माध्यम से रेफरल तथा भुगतानों की ऑनलाइन निगरानी रखी जाएगी, जिससे पारदर्शिता तथा टाइ–अप अस्पतालों को समय पर भुगतान हो। अति विशिष्टता उपचार बिलों की देयताएं चुकाने के लिए परिशोधित प्राक्कलन 2019–2020 में ₹1,176.73 करोड़ की राशि आबंटित की गई है तथा छह माह की अंशदान अवधि में केवल 78 दिनों की अंशदान आवश्यकता सहित 2 वर्षों से 6 माह का अतिविशिष्टता उपचार प्राप्त करने के लिए पात्रता शर्तों में रियायत को ध्यान में रखते हुए बजट प्राक्कलन 2019–2020 में ₹1,483.50 करोड़ की राशि आबंटित की गई है।

1.3.3 **<u>चिकित्सा तथा अन्य उपस्करों का प्रापण :</u>**

क.रा.बी.निगम ने उपस्करों की खरीद हेतु व्यवस्थित सुधार किए हैं, जैसे–विभिन्न अस्पतालों के लिए उपस्करों के प्रतिमानकों की समीक्षा तथा समरूप विनिर्देशों सहित केंद्रीकृत खरीद, जीईएम के माध्यम से प्रापण आदि। इन उपस्करों के प्रापण के लिए परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में क्रमशः ₹158.84 करोड़ तथा ₹191.11 करोड़ की निधि आबंटित की गई है

1.3.4 **<u>आयुष</u>**

क.रा.बी.निगम देशभर के सभी क.रा.बी.निगम/क.रा.बी.योजना अस्पतालों और औषधालयों में आयुष सेवाओं का भी विस्तार कर रहा है। ₹30.00 करोड़ रुपये की लागत वाला नैदानिक सुविधाओं सहित विशेष रूप से आयुष अस्पताल का निर्माण नरेला, दिल्ली में किया जा रहा है, वर्ष 2019–2020 के दौरान जिसके प्रचालन की संभावना है।

---

[4]क.रा.बी.निगम की दिनांक 16.02.18 को आयोजित अपनी 173वीं बैठक के निर्णयानुसार स्वास्थ्य बीमा योजना को क.रा.बी.निगम की उप समिति के पास भेज दिया गया है। उप समिति की सिफारिश तथा क.रा.बी.निगम द्वारा योजना के अनुमोदन पश्चात इस शीर्ष में व्यय किया जाएगा। बजट दस्तावेज इस प्रकटन के संदर्भ में पढ़े जाएं।

1.3.5 **चिकित्सा शिक्षा**

वर्त्तमान में, क.रा.बी.निगम 06 चिकित्सा महाविद्यालय (प्रत्येक में 100 सीट), इसके अतिरिक्त, 3 चिकित्सा महाविद्यालयों का निर्माण किया गया और राज्यों को सौंप दिए गए (कोयम्बटूर, मण्डी और पेरिपल्ली), 05 स्नातकोत्तर संस्थान, दो दंत्य महाविद्यालय (प्रत्येक में 50 सीट) तथा दो नर्सिंग महाविद्यालय (प्रत्येक में 40 सीट) संचालित कर रहा है। वर्ष 2019–2020 शैक्षणिक वर्ष के लिए चिकित्सा और दंत्य महाविद्यालयों में आबंटित सीटों में से 339 सीटों (317 एमबीबीएस+22 बीडीएस) पर बीमाकृत व्यक्ति के अर्हक प्रतिपाल्य को वरीयता के आधार पर प्रवेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पाठ्यक्रम समाप्त करने के पश्चात स्नातक और परास्नातक चिकित्सकों की तैनाती वरीयता आधार पर राज्य द्वारा संचालित क.रा.बी. योजना अस्पतालों में की जाएगी और इसके पश्चात तैनाती क.रा.बी.निगम अस्पतालों में की जाएगी। इन चिकित्सा संस्थाओं के प्रबंधन में परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में कुल अनुमानित व्यय क्रमशः ₹ 533.20 करोड़ तथा ₹ 669.04 करोड़ (पूरी होने वाली परियोजनाओं के पूंजीगत मूल्य पर मूलह्रास सहित) है।

1.4 नकद एवं अन्य हितलाभ

परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में नकद हितलाभ (1.4.1 से 1.4.2 तक) के लिए ₹ 1765.20 करोड़ रुपये का कुल प्रावधान है जिसमें आय अंशदान का 8.14 प्रतिशत है। वर्ष 2019–2020 बजट प्राक्कलन के लिए ₹ 1,779.59 करोड़ रुपये का प्रावधान है जिसमें वर्ष 2019–2020 में आय अंशदान का 9.71 प्रतिशत है।

1.4.1 **औषधालय–सह–शाखा कार्यालय**

क.रा.बी.निगम ने अपनी 174वीं बैठक में प्रत्येक जिले में औषधालय–सह–शाखा कार्यालय की स्थापना को अनुमोदन प्रदान किया ताकि प्रत्येक जिले में प्राथमिक देखभाल सेवा के लिए क.रा.बी.निगम की उपस्थिति दर्ज हो सके, बावजूद इसके कि वह जिला अंशतः कार्यान्वित है या पूर्वतः या उस क्षेत्र में राज्य द्वारा संचालित औषधालय मौजूद है। औषधालय–सह–शाखा कार्यालय, औषधालय एवं शाखा कार्यालय दोनों के प्रकार्यों के निष्पादन के साथ नियोक्ता उपयोगिता औषधालय/बीमाकृत चिकित्सा व्यवसायी क्लीनिक से जुड़े लाभार्थियों को औषधियों के वितरण हेतु केन्द्रीयकृत फार्मेसी वितरण केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। वर्तमान में, योजना को 527 जिलों में या तो अंशतः या पूर्णतः अधिसूचित किया गया है। नए अधिसूचित जिलों/क्षेत्रों में प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा देखभाल के संबंध में क.रा.बी.निगम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 313 नए क.रा.बी.निगम शाखा कार्यालय सह औषधालयों के लिए संस्वीकृत प्रदान की गई, जिसमें से माह दिसंबर, 2018 तक 29 औषधालय–सह–शाखा कार्यालयों का प्रचालन आरंभ हो गया है। हालांकि माह मार्च 2019 के अंत तक 50 और औषधायल–सह–शाखा कार्यालयों के खुलने की संभावना है। यह भी अपेक्षित है कि औषधायल–सह–शाखा कार्यालयों के प्रचालन का प्रत्यक्ष संबंध संपूर्ण नकद हितलाभ से है।

1.4.2 अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना

क.रा.बी. निगम ने अपनी 175 वी बैठक में क.रा.बी. निगम योजना के अंतर्गत व्याप्त बीमाकृत व्यक्तियों (आई पी) के लिए 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' नामक एक महत्वकांक्षी योजना अनुमोदित की जिसके अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति को बेरोजगारी अथवा जब वे नया रोजगार ढूंढ रहे हों, जीवनकाल के दौरान में एक बार नकद हितलाभ के रूप में राहत सीधे उनके बैंक खाते में देय होगी।

इस नई योजना के लिए वर्ष 2018–2019 का अनुपूरक प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन के लिए क्रमशः ₹10 करोड़ तथा ₹5 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

1.5 चिकित्सा संस्थाएँ और अन्य परियोजनाएँ (परिशिष्ट–III देखें)

1.5.1 वर्ष 2017–2018 के दौरान, क.रा.बी.निगम ने 06 परियोजनाएँ[5] पूरी कर ली हैं। जिसमें कुल 2,210.48 करोड़ रू. की राशि पूँजीकृत की गई है।

1.5.2 क.रा.बी.निगम ने महाविद्यालय तथा अस्पताल की उपलब्ध आधारिक संरचना के आंशिक उपयोग से चालू वित्तीय वर्ष में 2 अस्पताल भी आरंभ किए हैं। पहला अलवर, राजस्थान में तथा दूसरा बिहटा, पटना, बिहार में।

1.5.3 कठोर निगरानी के साथ–साथ व्यवस्थित समीक्षा तथा मामला विशेष अभिगम के विकास के साथ और संबंधित परियोजना निगरानी एजेंसियों[7] द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी राशि[6] के समान निधि उपलब्ध कराकर, अनुमान है कि वर्ष 2008–09 की सभी अपूर्ण परियोजनाएँ मार्च, 2019 तक पूर्ण[8] इसके अतिरिक्त, वर्ष 2018–2019 के दौरान अनुमान है कि 7 अस्पताल और 8 औषधालय परियोजनाएँ क्रमशः ₹ 586.00 करोड़ तथा ₹ 19.92 करोड़ की अनुमानित लागत से पूर्ण हो जाएंगी।

1.5.4 कुल 66 नई परियोजनाओं में कार्य जमीनी स्तर पर विविध चरणों में है। शेष परियोजनाओं में जल्द ही स्थल पर कार्य आरंभ संभावित है।

1.5.5 भारत सरकार के निदेशानुसार क.रा.बी. निगम के भवनों की छतों के ऊपर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के संस्थापन का कार्य श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मैसर्स राजस्थान इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इन्स्ट्रमेन्टस लिमिटेड (आरईआईएल) को सौंपा गया है। 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 153 स्थलों/अवस्थितियों का आरईआरएल द्वारा व्यवहायर्ता अध्ययन पूर्ण कर लिया गया है। आरटीएसपीपी के संस्थापन हेतु छाया रहित छतों के ऊपर कुल उपलब्ध क्षेत्र 1,14,476 वर्ग मी. है तथा 8.61 मे. वॉ. का उपयोग किया जा सकता है। आरईआईएल ने क.रा.बी. निगम भवनों पर सौर ऊर्जा के संस्थापन हेतु भिन्न राज्यों में भिन्न डेवलपर्स चयनित किए हैं।

---

[5]क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, मंडी; क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, अलवर; क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, पेरिपल्ली; 100 बिस्तर अस्पताल, देवनगेरे का नवीकरण; 100 बिस्तर अस्पताल, हुबली का नवीकरण; नए क्षेत्रीय कार्यालय तथा राज्य निदेशालय कार्यालय, साल्ट लेक, कोलकाता का निर्माण।

[6]बैंक गारंटी

[7]परियोजना अनुवीक्षण एजेंसी

[8]वर्ष 2017–2018 में 10 परियोजनाएं तथा 2018–2019 में 9 परियोजनाएं।

1.5.6 चिकित्सा संस्थाओं और अन्य परियोजनाओं के निष्पादन के लिए कुल परिव्यय का अनुमान निम्नानुसार है :–

क्र.सं.	परियोजनाएँ	परियोजनाओं की संख्या	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 (₹ करोड़ में)	बजट प्राक्कलन 2019–2020 (₹ करोड़ में)
1.	**चिकित्सा शिक्षा संस्थाएँ**	22	565.04	345.51
2.	**अस्पताल/औषधालय**			
2.1	चालू परियोजनाएँ	45	237.19	114.30
2.2	नई परियोजनाए	64	638.68	1,173.15
3	**क्षे.का./उप क्षे.का. और शाखा कार्यालय**			
3.1	चालू परियोजनाएँ	24	31.70	9.94
3.2	नई परियोजनाए	2	–	-
	कुल	**157**	**1,472.61**	**1,642.90**

1.6 सूचना प्रौद्योगिकी

1.6.1 <u>वर्ष 2018–2019 के दौरान उपलब्धियाँ :</u>

(क) दिनांक 23/11/2018 को डाटा सेंटर का डिजास्टर रिकवरी सेंटर स्थानांतरण गतिविधि पूरी हो गई है तथा डिजास्टर रिकवरी केन्द्र अब पूर्णतः प्रचालन में है।

(ख) एसबीआई गेटवे के अतिरिक्त नियोक्ताओं को बैंक ऑफ बड़ौदा गेटवे के माध्यम से भी उनके भुगतान करने का विकल्प दिया गया है। इस कार्यक्षमता को प्रसारित किया गया है तथा आईडीबीआई बैंक के साथ भी समान समन्वय प्रक्रियाधीन है। इसके परिणामस्वरूप संव्यवहार प्रभार में बचत हुई है।

(ग) निगम के अनुमोदन के अनुसार, क.रा.बी. निगम ने सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के संबंध में अनुपयोगी तथा निपटान नीति तैयार की है तथा इसके आगे कार्यान्वयन हेतु सभी लेखांकन इकाइयों को परिचालित की गई जिससे सभी क्षेत्र इकाइयां नवीनतम हार्डवेयर से लैस हों।

(घ) भारत सरकार की ई–मेल नीति के अनुसार, क.रा.बी. मेल मैसेजिंग प्रणाली एनआईसी मेल मैसेजिंग में अंतरित हो गई है। इस वित्तीय वर्ष में व्यय की गई राशि 0.47 करोड़ रू. है।

(ड़) 'उमंग': क.रा.बी. निगम चिंता से मुक्ति' एप्पः बीमाकृत व्यक्ति केन्द्रिक सूचना सेवाएं अब 'क.रा.बी. निगम चिंता से मुक्ति मोबाइल एप्प के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है जो कि उमंग (यूनीफाइड मोबाईल एप्लीकेशन फॉर न्यू ऐज गवर्नेंस) प्लेटफार्म द्वारा आरंभ किया गया। इससे वास्तविक सूचना प्रदान करने हेतु क.रा.बी. निगम डाटाबेस तथा मोबाईल एप्प को एकीकृत किया गया है। इस एप्प को गूगल प्ले स्टोर से बहु चैनलों जैसे मोबाइल एप्लीकेशन, वेब इत्यादि पर मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता हैं तथा स्मार्ट फोन, टेबलेट्स तथा डेस्कटॉप आदि के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। मोबाईल आधारित सरल प्रमाणीकरण प्रणाली से बीमाकृत व्यक्ति आसानी से अपनी निजी तथा नामांकित परिवार जनसांख्यिकीय विवरण, अंशदान विवरण, बीमा तथा पात्रता विवरण, हितलाभ हकदारी सूचना, दावा प्रस्थिति, औषधालय तथा शाखा कार्यालय जिससे वह संबद्ध है इत्यादि। वे इस मोबाईल एप्प द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं तथा शिकायत निवारण सेवाएं प्राप्त कर सकते है।

(च) क.रा.बी. निगम दो वर्ष की अवधि के लिए प्रचालन तथा अनुसरण सेवाएं जारी रखने हेतु निविदा जारी करने की प्रक्रिया में है। इसके लिए ₹24.00 करोड़ वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में रखे गए हैं।

1.6.2 <u>2019–2020 में नई पहलें</u> :

2019–2020 के दौरान निम्नलिखित कार्यालय आरंभ करने का प्रस्ताव हैः

(क) परियोजना पंचदीप का पूर्णतया अधिग्रहण करने के लिए प्रोजेक्ट मोड में एनआईएसजी अथवा एनआईसीएसआई/एनआईसी पैनलबद्ध एजेंसियों के माध्यम से आईटी विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर एक कोर ग्रुप की स्थापना करना। इसके लिए 2019–2020 के बजट प्राकल्लन में ₹2.20 करोड़ की राशि रखी गई है।

(ख) एसडी–डब्लूएएन तकनीक को लागू कर सभी स्थानों पर चरणवार नेटवर्किंग करने की योजना है। इसके लिए 2019–2020 बजट में ₹40.00 करोड़ की राशि रखी गई है।

(ग) वर्ष 2009–10 में उस समय उपलब्ध तकनीक तथा ''जैसा है जहां है'' को ध्यान में रखते हुए विप्रो द्वारा परियोजना पंचदीप के अंतर्गत क.रा.बी. निगम की सभी कार्यक्षमताओं के लिए एप्लीकेशन विकसित की गई। वर्ष 2009 के बाद की अवधि के दौरान तकनीकी स्तर जैसे मोबाईल एप्प इत्यादि में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। नियमों, विनियमों तथा प्रक्रियाओं में भी परिवर्तन हुए हैं। इन आवश्यकताओं को समझने तथा अंशधारकों की तेजी से परिवर्तनशील आशाओं को पूरा करने के लिए एप्पलीकेशन में पूरा पुनरुत्थान करने की योजना है। आरम्भ में, एक बिजनेस प्रोसेस इंजीनियरिंग एक्सरसाईज की जाएगी और वित्त वर्ष 2020–2021 के दौरान एप्पलीकेशन के विकास पर बड़ी राशि खर्च की जानी सम्भावित है।

(घ) एपीएआर तथा ई–ऑफिस की योजना तथा कार्यान्वयन इसके लिए 2019–2020 बजट में ₹2.00 करोड़ की राशि रखी गई है।

(ड़) ईएसआई मेल मैसेजिंग के संबंध में जो कि एनआईसी मेल मैसेजिंग सिस्टम में विस्थापित किया जा रहा है, बजट प्राक्कलन 2019–2020 में ₹1.50 करोड़ आवंटित किया गया है।

1.6.3 <u>पुरानी कम्प्यूटर प्रणाली को विस्थापित करना</u>

परियोजना पंचदीप के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी का वर्ष 2011 में आरम्भ किया गया और कम्प्यूटर प्रणाली के तकनीकी और भौतिक अप्रचलन के दृष्टिगत, 132.34 करोड़ रू. की कुल राशि का प्राक्कलन किया गया है, 2018–2019 में संशोधित प्राक्कलन में ₹30 करोड़ तथा 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में ₹102.34 करोड़ क.रा.बी. निगम योजना के अंतर्गत 1625 स्थानों पर तथा क.रा.बी. निगम में 986 स्थानों पर चरणवार तरीके से कम्प्यूटर प्रणाली के प्रतिस्थान पर खर्च होगा।

1.7 <u>वित्त एवं लेखा</u>

1.7.1 <u>नई निवेश नीति</u>

क.रा.बी. निगम की नई निवेश नीति के अंतर्गत, राजकीय प्रतिभूतियों/एएए+रेटेड सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों में निवेश हेतु परामर्शदाताओं, पोर्टफोलियों प्रबंधक तथा कस्टोडियन के चयन हेतु बॉन्ड कर लिए गए हैं। नई निवेश नीति के अंतर्गत निवेश कार्यकलाप फरवरी, 2019 तक संचालित किए जाने की संभावना है। प्रतियोगी बोली के लेखा पर उपार्जित लाभ के दृष्टिगत 2018–2019 के संशोधित प्राक्कलन के अंतर्गत पोर्टफोलियों मैनेजर कस्टोडियन तथा कनकरेंट ऑडिटर की नियुक्ति के लिए कुल खर्च ₹0.07 करोड़ तथा इसी प्रकार 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में ₹0.31 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

1.7.2 **आंतरिक लेखापरीक्षा की आउटसोर्सिंग**

आंतरिक लेखापरीक्षा की आउटसोर्सिंग मामलों के लिए भारत के महा लेखापरीक्षक के साथ पैनलबद्ध चार्टड आकाउंटेट फर्म के कार्यों की विस्तृत जॉच की जा रही है। तदनुसार, इसके लिए 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में ₹5.00 करोड़ (निवेश कार्यकलाप के लिए कनकरेंट ऑडिटर के अतिरिक्त) का प्रावधान किया गया है।

1.7.3 बहुबैंकिंग मॉडूयल

बैंकिग प्रभार में कमी करने के लिए एक रू. प्रति वर्ष के टोकन प्रभार पर ऑनलाईन अंशदान से संग्रहण के लिए क.रा.बी. निगम ने बैंक ऑफ बड़ौदा तथा आईडीबीआई बैंक के साथ एक समझौता किया है। आगे, ऑनलाइन अंशदान संग्रहण के लिए एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक तथा आइसीआइसीआई बैंक के साथ समझौता प्रक्रियाधीन है। बैंकिंग प्रभारों में कटौती की संभावना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। तदनुसार, बैंक खाता बनाये रखने तथा अन्य प्रभारों के लिए संशोधित बजट प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में न्यूनतम क्रमशः ₹10.00 करोड़ तथा ₹9.00 करोड़ जो कि बजट प्राक्कलन 2018–2019 में ₹12 करोड़ था।

1.8 प्रशासन

वर्ष 2017–2018 के दौरान प्रशासनिक लागत कुल आय की 4.39 प्रतिशत थी। चालू वर्ष (2018–2019) में इसके लगभग 5.31 प्रतिशत होने की उम्मीद है। अनुमान है कि अनुमानित अंशदान आय के युक्तिकरण के कारण प्रशासनिक लागत वित्त वर्ष 2019–2020 में थोड़ी बढ़कर 6.79 प्रतिशत के स्तर पर पहुॅच जाएगी। यह नियम 31 (क) के अंतर्गत प्रशासनिक व्यय के लिए केंद्र सरकार द्वारा यथानिर्धारित 15 प्रतिशत ऊपरी सीमा के अंतर्गत ही है।

1.8.1 **भर्ती**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित रिक्तियां भरी गईं :–

क्र.सं.	पद	रिक्तियों की सं.	भरी गई रिक्तियां
1.	शिक्षण संकाय की भर्ती–08 क.रा.बी.निगम चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं के लिए प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर	206	03 क्षेत्रों के संबंध में प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा शेष प्रक्रियाधीन हैं।
2.	अवर श्रेणी लिपिक, प्रवर श्रेणी लिपिक, सहायक, आशुलिपिक, वैयक्तिक सहायक तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा संचालित करना	1481	प्रक्रिया पूरी कर ली गई।
3.	सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती–2018	539	प्रक्रियाधीन
4.	बीमा चिकित्सा अधिकारी ग्रेड–।। की भर्ती–2018	771	
5.	कनिष्ठ अभियंता (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) की भर्ती	79 (52 – सिविल एवं 27 –	
6.	विशेषज्ञ ग्रेड–।। (वरिष्ठ तथा कनिष्ठ स्केल) की भर्ती	329 (कनि. स्केल 257एवं वरि. स्केल 72)	प्रक्रियाधीन
7.	नर्सिंग तथा परा चिकित्सा संवर्ग की भर्ती	2360	

उपर्युक्त सभी संवर्गो में भर्ती प्रक्रियाधीन है। तदनुसार, परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में रू., 32.00/–करोड़ तथा रू. 50.00/– करोड़ का प्रावधान किया गया है।

<u>1.8.2 अर्थव्यवस्था के उपाय</u>

क्षेत्रीय कार्यालय तथा उप क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्य को युक्तियुक्तकरण संबंधी मामला उप समिति को अभिनिर्देशित किया जा चुका है। क्षेत्रीय कार्यालय तथा उप क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्य का युक्तियुक्त्करण पणधारियों को प्रदान की जा रही सेवाओं पर बिना प्रभाव पड़े प्रशासनिक व्यय के बेहतर नियंत्रण में सहायक होगी।

<u>1.8.3 स्वच्छता कार्य योजना (एस.ए.पी)</u>

श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसरण में, स्वच्छता कार्य योजना संबंधी अनुवीक्षण तथा बुकिंग उद्देश्य हेतु एक अलग बजट बनाया गया है। इस शीर्ष के अंतर्गत परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में क्रमशः रू. 0.34/– करोड़ तथा रू. 2. 09/– करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

<u>1.8.4 एलईडी लाइटिंग तथा ऊर्जा दक्षता उपस्कर का संस्थापन</u>

स्थायी समिति ने दिनांक 12/7/18 को आयोजित अपनी 211वीं बैठक में पीएमसी मॉडल के अंतर्गत क.रा.बी. निगम स्वामित्व वाले भवनों में एलईडी लाइटिंग तथा ऊर्जा दक्षता उपस्कर के संस्थापन को अनुमोदन प्रदान किया। तदनुसार उक्त के लिए बजट प्राक्कलन 2019–2020 में रू. 5.00/– करोड़ का प्रावधान किया गया है।

<u>1.9 लिंग एवं बाल बजट</u>

भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के लिए लिंग बजट वार्षिक कार्ययोजना 2018–2019 के अनुसार, क.रा.बी.निगम के लिए नए दिशानिर्देशों को संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं की मदद से श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा किए गए लिंग निर्धारण के आधार पर अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, क.रा.बी.निगम एक लिंग और बाल बजट प्रकोष्ठ की स्थापना पर विचार कर रहा है। है। इसके अलावा, क.रा.बी.निगम ने क.रा.बी.निगम के लिए लिंग बजट वार्षिक योजना 2018–2019 के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए भी योजना बनाई है, जिसमें लिंग लेंस के माध्यम से क.रा.बीमा की सभी योजनाओं का तीसरा पक्ष मूल्यांकन, लिंग संवेदीकरण के लिए प्रशिक्षण/कार्यशाला/संगोष्ठी का आयोजन, सेक्स–विच्छेदित डेटा के लिए क.रा.बीमा की सभी योजनाएं शामिल है। क.रा.बी.योजना के तहत सभी बजट शीर्षों में महिलाओं के लिए अनुमानित बजट प्रावधान ₹2,155.60 करोड़ तथा ₹2586.82 करोड़ क्रमशः परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 के लिए किया गया है। लिंग एवं बाल बजट का शीर्षवार विस्तृत बजट आबंटन व्याख्यात्मक ज्ञापन के पैरा सं. 8.5 तथा 15.1 में क्रमशः वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में दिया गया है

1.10 नई योजनाओं/नए कार्यकलापों पर निधि परिव्यय का सारांश :

क्र.सं.	वर्ष 2019–2020 के बजट में प्रमुख नई योजनाएं/नए क्रियाकलाप	निधि आबंटन (₹ करोड़ में)
1.	आशोधित कर्मचारी उपयोगिता औषधालय (ईयूडी) तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायी (आइएमपी) योजना#	10.00
2.	अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना	5.00
3.	चार नई पूंजीगत परियोजनाएं (अस्पताल)	449.00
4.	क.रा.बी.निगम अस्पतालों/औषधालयों में नए चिकित्सा तथा अन्य उपस्करों का प्रापण	191.00
5.	सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना तथा ईआरपी संगठन एवं पद्धति पर व्यय	121.72
6.	पुराने कंप्यूटर सिस्टमों का प्रतिस्थापन	102.34
7.	चिकित्सा, परा चिकित्सा अभियंता तथा अनुसचिवीय संवर्ग के विभिन्न पदों की भर्ती	50.00
8.	एलईडी परियोजना पर व्यय	5.00
9.	आंतरिक लेखा – परीक्षा का बाह्य स्त्रोतन	5.00
10.	स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) के अंतर्गत व्यय	2.09
11.	चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना	1.00
12.	परामर्शदाताओं की नियुक्ति	0.70
13.	पोर्टफोलियो प्रबंधकों तथा अभिरक्षकों की नियुक्ति	0.31
	कुल	**943.16**

*दिनांक 16.02.2018 को आयोजित क.रा.बी.निगम की 173वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार क्रम सं. 2 पर स्थित चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना को क.रा.बी.निगम की उप समिति को संदर्भित किया गया है। इस शीर्ष के अंतर्गत व्यय उप समिति की अनुशंसाओं के आधार पर तथा तत्पश्चात क.रा.बी.निगम द्वारा योजना के अनुमोदन के बाद किए जाएंगे। बजट दस्तावेज को इस प्रकटन के साथ पढ़ा जाए।

#आईएमपी अर्थात् बीमा चिकित्सा व्यवसाय तथा ईयूडी अर्थात नियोक्ता उपयोगन औषधालय।

1.11 वर्ष 2019-2020 के दौरान निधि अंतर्वाह तथा बहिर्वाह का सारांश

चित्र संख्या 1: जहाँ धन व्यय हो रहा है-व्यय (बजट प्राक्कलन 2019-2020)



चित्र संख्या 2: जहाँ से धन आ रहा है-राजस्व (बजट प्राक्कलन 2019-2020)



	क.रा.बी. निगम का बजट एक नजर में				
	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
क.	**राजस्व प्राप्तियाँ :**			**(लाख ₹ में)**	
i)	अंशदान	20,07,718.35	20,90,000.00	21,66,734.00	18,33,390.00
ii)	ब्याज़	3,19,688.17	3,92,635.00	4,23,004.00	4,95,203.00
iii)	किराया, पौरकर तथा कर	5,751.75	8,941.00	11,265.00	11,265.00
iv)	दिल्ली राज्य सरकार का अंश चिकित्सा हितलाभ के निमित्त जो प्रथमतः निगम द्वारा व्यय किया गया।	0.00	9,000.00	0.00	9,000.00
v)	शुल्क, जुर्माना एवं जब्तियां	3,647.53	3,600.00	4,700.00	4,800.00
vi)	चिकित्सा शिक्षा प्राप्तियां	1,530.88	1,500.00	2,200.00	2,300.00
vii)	विविध	9,699.63	2,000.00	2,000.00	2,000.00
	कुल राजस्व प्राप्तियां :	**23,48,036.31**	**25,07,676.00**	**26,09,903.00**	**23,57,958.00**
ख.	**राजस्व व्यय**				
क)	**हितलाभ**				
i)	चिकित्सा हितलाभ :	6,86,774.00	12,64,296.00	8,79,907.19	10,56,829.24
ii)	नकद हितलाभ :	64,284.78	1,33,916.00	1,76,520.00	1,77,959.00
iii)	अन्य हितलाभ :	252.44	358.00	363.00	383.00
	कुल हितलाभ :	**7,51,311.22**	**13,98,570.00**	**10,56,790.19**	12,35,171.24
ख)	**प्रशासनिक व्यय**	**1,03,100.60**	**1,74,003.00**	**1,38,469.70**	**1,60,154.47**
ग)	**पूंजीगत निर्माण हेतु प्रावधान**	20,077.18	20,900.00	21,667.34	18,333.90
	कुल राजस्व व्यय (क + ख + ग)	**8,74,489.00**	**15,93,473.00**	**12,16,926.89**	14,13,659.71
ग.	**पूंजीगत व्यय**				**(₹ लाख में)**
i)	निगम के कार्यालय (स्टाफ क्वार्टर सहित)	1,911.96	1,239.00	3,170.00	994.00
ii)	अस्पताल एवं औषधालय	35,658.16	1,97,179.00	87,587.00	1,28,745.00
iii)	चिकित्सा शिक्षा परियोजना	32,129.48	1,00,554.00	56,504.00	34,551.00
iv)	अन्य परिसंपत्तियां	6,315.39	12,371.00	21,074.00	39,246.00
	कुल पूंजीगत व्यय	**76,014.99**	**3,11,343.00**	**1,68,335.00**	**2,03,536.00**
	राजस्व व्यय से राजस्व आय का आधिक्य	**15,15,191.39**	**9,14,203.00**	**13,92,976.11**	9,44,298.29

वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन पर व्याख्यात्मक ज्ञापन

बजट एवं लेखा उप समिति और स्थायी समिति ने क्रमशः 30.01.2018 तथा 31.01.2018 को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वित्त वर्ष 2018–2019 की आय तथा व्यय के बजट प्राक्कलनों का अनुमोदन किया। निगम की दिनांक 16.02.2018 को सम्पन्न 173वीं बैठक में इन प्राक्कलनों को अंगीकार किया गया। केन्द्र सरकार ने अपने पत्र संख्याः जी 20017/01/2018–सा.सु.–1, दिनांक 13.03.2018 द्वारा बजट का अनुमोदन किया।

वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन और वित्त वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन अब तैयार कर लिए गए हैं। 'बजट एक नजर में' में इन प्राक्कलनों को राजस्व और व्यय के व्यापक मुख्य शीर्षो के अंतर्गत दर्शाया गया है। प्राक्कलन अनुसार चिकित्सा, नकद हितलाभ और प्रशासनिक व्यय आदि को पूरा करने के लिए अंशदान से होने वाली आय पर्याप्त है।

2. वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन और 2019–2020 के बजट प्राक्कलन निम्नलिखित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं :–

2.1 प्राप्तियाँ

i. कर्मचारी राज्य बीमा(केन्द्रीय) नियमावली, 1950 के नियम 51 में उल्लिखित दरों के अनुसार अंशदान का नियोक्ता और कर्मचारी अंश नियोक्ता द्वारा देय होता है। वर्ष 2018–2019 के लिए, नियोक्ता अंशदान की दर कर्मचारी को देय मजदूरी का 4.75% तथा कर्मचारी अंशदान उसे देय मजदूरी का 1.75% (नए क्षेत्रों में जहां योजना पहली बार दिनांक 06.10.2016 से कार्यान्वित की गई, नियोक्ता एवं कर्मचारी अंशदान मजदूरी का क्रमशः 3% एवं 1%) है। दिनांक 01.08.2007 से प्रतिदिन ₹100/– तक मजदूरी पाने वाले कर्मचारियों को उक्त नियमावली के नियम 52 के अधीन कर्मचारी–अंशदान की अदायगी से छूट है। दिनांक

14.06.2016 से यह राशि पुनः ₹137/– प्रतिदिन की जा चुकी है।

हालांकि, क.रा.बी. निगम की दिनांक 18.09.2018 को आयोजित 175वीं बैठक में किए गए निर्णयानुसार तथा कर्मचारी को देय मजदूरी के कुल 5 प्रतिशत के बराबर अंशदान की संयुक्त दर को कम करने, जिसमें वर्तमान 4.75 प्रतिशत नियोक्ता शेयर तथा 1.75 प्रतिशत कर्मचारी शेयर के स्थान पर क्रमशः 4 प्रतिशत तथा 1 प्रतिशत हो, द्वारा अंशदान आय को युक्तिसंगत बनाने हेतु अध्यक्ष, क.रा.बी. निगम के अनुमोदन के अनुसरण में, क.रा.बी.(केंद्रीय) नियमावली, 1950 के नियम 51 में संशोधन हेतु मसौदा अधिसूचना श्रम और रोजगार मंत्रालय को अग्रेषित किया जा चुका है तथा तदनुसार वर्ष 2019–2020 के लिए अंशदान आय कर्मचारी को देय मजदूरी के कुल 5 प्रतिशत अंशदान तक कम करके युक्तिसंगत बनाई गई है। अतः बजट प्राक्कलन 2019–2020 के लिए अंशदान आय अंशदान की कम की गई दर पर ₹18,333.90 करोड़ प्रदर्शित की गई है।

ii. दिनांक 01.01.2017 से मजदूरी उच्चतम सीमा में ₹15,000/— से ₹21,000/— की वृद्धि।

iii. नए क्षेत्रों में क.रा.बी.योजना के कार्यान्वयन तथा विस्तार के कारण अतिरिक्त व्याप्ति।

iv. वर्ष 2018—2019 के प्रथम सात महीनों के दौरान देखी गयी प्रवृति।

v. वर्ष 2018—2019 के दौरान बकायों की वसूली के लिए ₹563.26 करोड़ का लक्ष्य तथा 4/2018 से 11/2018 के दौरान की गई ₹248.45 करोड़ की वास्तविक प्राप्तियां।

vi. कर्मचारी राज्य बीमा सामान्य आरक्षित, आकस्मिक आरक्षित निधि तथा पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि के निवेश पर ब्याज़ से आय।

vii. पूर्व आवधिक मदें 2017—2018 के वास्तविक आंकड़ों में सम्मिलित नहीं की गई है।

2.2 व्यय

2.2 (1) चिकित्सा हितलाभ

'क—चिकित्सा हितलाभ' शीर्ष के अधीन व्यय, दिल्ली और नोएडा (उ.प्र.) में औषधालयों को छोड़कर जहां योजना सीधे निगम द्वारा प्रशासित की जाती हैं, निगम और संबंधित राज्य सरकारों के बीच 7:1 के निर्धारित अनुपात में बांटा जाता है। अधिकतम बांटी जाने योग्य राशि निगम द्वारा समय—समय पर निर्धारित अधिकतम सीमा की शर्त के अधीन है। इस शीर्ष के अधीन किया गया प्रावधान केवल निगम के व्यय के अंश को पूरा करने हेतु है।

दिल्ली में, जहां योजना सीधे कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा चलाई जाती है, चिकित्सा देखरेख पर पूर्ण व्यय, आरंभ में, निगम द्वारा वहन किया जाता है तथा तत्पश्चात् यह दिल्ली सरकार के साथ बांटा जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अपने अंश से अधिक व्यय की गई राशि दिल्ली सरकार से यथासमय वसूली—योग्य है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, चिकित्सा देखरेख पर किए गए व्यय का 1/8 अंश तथा सीमा से अधिक किया गया व्यय वर्ष 1989—1990 तक बांट रही थी तथा भुगतान कर रही थी। दिल्ली सरकार ने 1990—91 से अपने अंश की अदायगी इस तर्क पर नहीं की कि वे किसी अनुबंध के अभाव में सीमा से अधिक किए गए व्यय का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। तथापि, दिनांक 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार निगम द्वारा ₹1,974.16 करोड़ की राशि का दावा दिल्ली सरकार को भेजा गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त न होने के मद्देनज़र परिशोधित प्राक्कलन 2018—2019 में कोई प्रावधान नहीं किया गया तथा बजट प्राक्कलन 2019—2020 में ₹90.00 करोड़ के प्रावधान को दर्शाया जा रहा है।

व्यावसायिक रोग केन्द्र

निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, के.के.नगर, चेन्नै (तमिलनाडु), कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल ठाकुरपुकुर (पश्चिम बंगाल), कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अंधेरी (मुंबई), क.रा.बी. अस्पताल, इन्दौर(मध्य प्रदेश) और कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बसईदारापुर (दिल्ली) में व्यावसायिक रोग केन्द्र स्थापित किए हैं। इन अस्पतालों के संचालन पर किया जा रहा सम्पूर्ण व्यय क.रा.बी.निगम द्वारा वहन किया जा रहा है जो परिशोधित प्राक्कलन 2018—2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019—2020 में क्रमशः ₹896.03 करोड़ तथा ₹1,052.32 करोड़ है

चिकित्सा शिक्षा परियोजनाएं

राज्य सरकारों द्वारा अपने अधिकार में लेने तक या अति विशिष्टता उपचार हेतु संस्थाओं को उत्कृष्टता केन्द्र बनाने के लिए इस प्रकार की संस्थाओं में चालू खर्च पूरा करने हेतु बजटीय प्रावधान किए जा रहे हैं। तदनुसार वर्ष 2018–2019 और 2019–2020 के लिए क्रमशः ₹533.20 करोड़ और ₹669.04 करोड़ बजटीय प्रावधान किए गए हैं।

अस्पतालों और औषधालयों में सूचना प्रौद्योगिकी सूत्रपात प्रचालन हेतु व्यय

सूचना प्रौद्योगिकी सूत्रपात के कारण अस्पतालों और औषधालयों के कम्प्यूटरीकरण पर व्यय संचालन हेतु परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में ₹103.94 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है तथा वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन में ₹58.57 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया है।

आदर्श अस्पताल और क.रा.बी. निगम अस्पताल

निगम ने दिनांक 14.12.2001 को सम्पन्न अपनी बैठक में चिकित्सा देखरेख की गुणवत्ता में सुधार लाने और राज्य सरकारों द्वारा संचालित अस्पतालों के लिए एक आदर्श उदाहरण के रूप में कार्य करने के लिए प्रत्येक राज्य में एक आदर्श अस्पताल स्थापित करने का निर्णय लिया। इस निर्णय के अनुसार क.रा.बी. निगम आदर्श अस्पताल के रूप में चलाने के लिए राज्य के कम–से–कम एक अस्पताल को अपने नियंत्रण में लिया गया या राज्य में एक नया अस्पताल स्थापित किया गया। आदर्श अस्पतालों के अलावा निगम ने कुछ राज्य अस्पतालों को अपने नियंत्रण में लिया है/राज्य में नए अस्पतालों की स्थापना की है और सीधे क.रा.बी. निगम द्वारा संचालित किए जाते हैं।

क.रा.बी. निगम अस्पतालों (आदर्श अस्पतालों सहित) तथा औषधालयों के व्यय का वहन करने हेतु परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में ₹4,257.50 करोड़ तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में ₹4,654.05 करोड़ (उपस्करों की लागत सहित) का प्रावधान किया गया है। दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार दिल्ली तथा नोएडा स्थित औषधालयों तथा निदेशालय (चिकित्सा), दिल्ली के अतिरिक्त 5 व्यावसायिक रोग केन्द्र तथा 44 आदर्श एवं 6 चिकित्सा महाविद्यालय और 5 स्नातकोत्तर संस्थाएं क.रा.बी.निगम द्वारा प्रत्यक्ष रूप से संचालित किए जा रहे हैं और व्यय प्राक्कलन (स्नातकोत्तर संस्थान जहां लागू है, सहित) निम्नानुसार हैः–

क्र. सं.	क.रा.बी. निगम व्यावसायिक रोग केंद्र/अस्पताल/नए अस्पताल/चिकित्सा महाविद्यालय	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 (₹ लाख में)			बजट प्राक्कलन 2019–2020 (₹ लाख में)		
		उपस्कर के अतिरिक्त	उपस्कर	कुल	उपस्कर के अतिरिक्त	उपस्कर	कुल
1.	जोका	17,462.97	1,200.00	18,662.97	19,510.39	1,720.00	21,230.39
2.	के.के. नगर	14,570.80	1,500.00	16,070.80	15,646.73	1,550.00	17,196.73
3.	अंधेरी	12,002.18	80.00	12,082.18	12,778.96	95.00	12,873.96
4.	नंदा नगर, इंदौर	8,574.65	110.00	8,684.65	1,023.40	170.00	10,193.40
5.	बसईदारापुर	32,802.91	1,300.00	34,102.91	42,388.33	1,350.00	43,738.33
6.	बेलतला	7,426.01	200.00	7,626.01	8,194.08	120.00	8,314.08
7.	आश्रमम	8,173.01	140.00	8,313.01	8,620.72	150.00	8,770.72
8.	राउरकेला	3,027.43	80.00	3,107.43	3,473.57	90.00	3,563.57
9.	लुधियाना	12,437.73	150.00	12,587.73	13,786.87	120.00	13,906.87
10.	राजाजी नगर	28,284.17	728.00	29,012.17	30,369.48	1,250.00	31619.48
11.	बापू नगर	7,425.55	320.00	7,745.55	8,061.20	830.00	8,891.20
12.	सनत नगर अस्पताल	10,346.64	730.00	11,076.64	11,453.62	1,260.00	12,713.62

13.	जयपुर	8,352.27	150.00	8,502.27	9,058.41	160.00	9,218.41
14.	जम्मू	2,715.10	18.00	2,733.10	2,946.44	20.00	2,966.44
15.	नामकुम	4,364.92	100.00	4,464.92	4,939.35	110.00	5,049.35
16.	फुलवारीशरीफ	3,157.03	60.00	3,217.03	3,484.69	75.00	3,559.69
17.	चंडीगढ़	4,726.96	280.00	5,006.96	5,092.07	180.00	5,272.07
18.	नोएडा	22,159.00	1,800.00	2,3959.00	24,328.98	1,800.00	26,128.98
19.	उद्योगमंडल	6,682.67	250.00	6,932.67	7,205.86	220.00	7,425.86
20.	नरोड़ा	1,284.40	30.00	1,314.40	1,361.57	34.00	1,395.57
21.	आदित्यपुर	4,057.66	75.00	4,132.66	4,400.82	85.00	4,485.82
22.	एषुकोण	4,157.99	40.00	4,197.99	4,488.01	50.00	4,538.01
23.	सनत नगर (अ. वि. उ. अस्पताल)	8,015.54	250.00	8,265.54	9,335.81	200.00	9,535.81
24.	गुरुग्राम	10,87.53	150.00	10,237.53	1,0895.71	180.00	1,1075.71
25.	भिवाड़ी	2,483.14	10.00	2,493.14	2,800.18	15.00	2,815.18
26.	तिरुनेलवेली	3,433.00	180.00	3,613.00	4,182.82	190.00	4,372.82
27.	बद्दी	4,674.61	0.00	4,674.61	4,924.43	0.00	4,924.43
28.	पीण्या	7,014.38	150.00	71,6438	8,293.48	200.00	8,493.48
29.	मानेसर	4,866.62	40.00	4906.62	5390.34	50.00	5440.34
30.	वापी (गुजरात)	1,891.14	25.00	1,916.14	2,171.16	40.00	2,211.16
31.	फरीदाबाद	17,564.12	250.00	17,814.12	20,068.11	300.00	20,368.11
32.	स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान तथा क. रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, जोका	2,954.00	30.00	2,984.00	3,106.00	30.00	3,136.00
33.	स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान तथा क. रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, के.के. नगर	2,910.00	210.00	3,120.00	3,015.50	210.00	3,225.50
34.	स्नातकोत्तर आयु. एवं अनुसंधान संस्थान, अंधेरी	408.50	0.00	408.50	486.00	0.00	486.00
35.	क.रा.बी. तथा स्ना. आ. एवं अनुसंधान संस्थान, बसईदारापुर	1,312.00	90.00	1,402.00	1,514.00	100.00	1,614.00
36.	क.रा.बी.नि. चि. म. तथा स्ना. आ. एवं अन.संस्थान, राजाजी नगर	2,670.00	0.00	2,670.00	2,811.00	0.00	2,811.00
37.	गुलबर्गा चिकित्सा महाविद्यालय	8,425.72	800.00	9,225.72	10,655.95	900.00	11,555.95
38.	गुलबर्गा दंत्य महाविद्यालय	1,330.0	750.00	2,080.00	1,745.00	800.00	2,545.00
39.	एस. नगर चिकित्सा महाविद्यालय	1,625.00	800.00	2,425.00	1,798.00	1,100.00	2,898.00
40.	जाजमउ, कानपुर	1,234.84	100.00	1,334.84	1,465.56	250.00	1,715.56
41.	वाराणसी	1,749.78	500.00	2,249.78	1,930.33	200.00	2,130.33
42.	साहिबाबाद	2,671.57	500.00	3,171.57	3,203.81	600.00	3,803.81
43.	सरोजिनी नगर, लखनऊ	3,458.52	150.00	3,608.52	3,917.84	160.00	4,077.84
44.	अंकलेश्वर, गुजरात	1,894.28	35.00	1,929.28	2,205.84	42.00	4,247.84
45.	कोल्हापुर, महाराष्ट्र	1,541.89	150.00	1,691.89	2,292.86	450.00	2,742.86
46.	बिहटा (पटना)	528.00	38.00	566.00	2,052.00	150.00	2,202.00
47.	बिबवेवाड़ी, महाराष्ट्र	1,459.17	250.00	1,709.17	2,330.57	300.00	2,630.57
48.	अलवर (राजस्थान)	3,663.00	350.00	4,013.00	4,148.00	400.00	4,548.00
49.	बरेली	3,270.00	80.00	3,350.00	3,618.00	85.00	3,703.00
50.	झिलमिल	16,476.42	190.00	16,666.42	19,700.45	200.00	19,900.45
51.	ओखला	12,619.83	200.00	12,819.83	14,381.20	200.00	14,581.20
52.	रोहिणी	12,595.37	150.00	12,745.37	14,801.07	200.00	15,001.07
53.	निदेशालय (चिकित्सा), दिल्ली	40,851.13	110.00	4,0961.13	25,444.96	115.00	25,559.96
	कुल	**4,09,871.15**	**15,879.00**	**4,25,750.15**	**4,46,299.53**	**19,106.00**	**4,65,405.53**

नोट : उपर्युक्त आंकड़ों में मूल्यह्रास के लिए प्रावधान की राशि सम्मिलित नहीं है।

राज्य सरकारों को भुगतान

क.रा.बी. निगम ने दिनांक 31.07.2014 को आयोजित अपनी 162वीं बैठक में दिनांक 01.04.2015 से 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए प्रति व्यक्ति उच्चतम सीमा को ₹150/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रतिवर्ष की अतिरिक्त वृद्धि सहित ₹1,500/– से बढ़ाकर ₹2,000/– करने का निर्णय किया। उच्चतम सीमा की वृद्धि में राज्यों की ओर से वरिष्ठ राज्य चिकित्सा आयुक्त/राज्य चिकित्सा आयुक्त द्वारा अति विशिष्टता उपचार तथा अन्य व्यय का वहन शामिल है।

दिनांक 07.08.2015 को आयोजित निगम की अपनी 166वीं बैठक में लाभार्थियों द्वारा उठाई जा रही कठिनाइयों का जायजा लिया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि अति विशिष्टता उपचार पर व्यय का वहन सीधे क.रा.बी. निगम द्वारा किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 01.04.2015 से बढ़ाई गई उच्चतम सीमा (अति विशिष्टता उपचार सहित) को वापस नहीं लिया जाएगा क्योंकि उसका प्रयोग चिकित्सा सेवाओं में सुधार तथा राज्यों में नई पहलें कार्यान्वित करने हेतु किया जाएगा। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2017–2018 तथा उससे आगे ₹150/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रतिवर्ष की वार्षिक वृद्धि को वापस लिया जाएगा। निर्णयानुसार दिनांक 01.09.2015 से अति विशिष्टता उपचार के व्यय का वहन पूर्णतः क.रा.बी. निगम द्वारा किया जाएगा।

आगे, दिनांक 15.12.2016 को आयोजित अपनी 170वीं बैठक में क.रा.बी. निगम ने निम्नलिखित पर निर्णय किया है।

क. वर्ष 2018–2019 के लिए प्रशासन के लिए ₹1,250/– तथा अन्य के लिए ₹1,750/– की उप उच्चतम सीमा सहित ₹2,150/– से ₹3,000/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति धारा 58(3) के अंतर्गत राज्य सरकारों के साथ व्यय बांटने की प्रति व्यक्ति की उच्चतम सीमा में वृद्धि।

ख. वर्ष 2019–2020 से प्रशासनिक उप–उच्चतम सीमा ₹3,000/– प्रति व्यक्ति की संपूर्ण उच्चतम सीमा के भीतर सीपीआइ के समान बढ़ाई जाएगी।

ग. ₹3,000/– की उच्चतम सीमा 2018–2019 से 2020–2021 निर्धारित की जाएगी तथा राज्यों के डब्ल्यूपीआइ तथा व्यय प्रतिरूप के आधार पर 2021–2022 से वार्षिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

घ. राज्य सरकार निगम के बजट में उसके समावेशन के लिए अगले वित्तीय वर्ष हेतु प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर तक, समय–समय पर क.रा.बी. निगम द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार परियोजना कार्यान्वयन योजना (पीआइपी) प्रस्तुत करेगी। पीआइपी में अगले वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्ताव तथा वर्तमान वर्ष के प्रथम छह माह के दौरान की गई प्रगति शामिल होगी।

   i) कोई भी योजना, जो क.रा.बी. निगम द्वारा विधिवत अनुमोदित नहीं की गई है, शामिल नहीं की जाएगी।

   ii) किसी योजना का वित्त पोषण जो किसी वर्ष के प्राक्कलन में शामिल नहीं की गई है, को उस वित्तीय वर्ष के दौरान, क्या इसे प्रस्तावित करना चाहिए, उसके वित्त पोषण की विधि के लिए क.रा.बी. निगम की मंजूरी लेनी होगी।

   iii) किसी भी वस्तु पर व्यय के लिए निधि विनियोजित नहीं की जाएगी जिसे अनुमोदित नहीं किया गया है।

   iv) महानिदेशक, क.रा.बी. निगम को निधि विनियोजन एक प्राथमिक इकाई से अन्य में करने के लिए प्राधिकृत किया जाए।

ङ) वर्ष 2019–2020 के लिए निधि, प्रथम तिमाही के लिए ₹2,150/– की वर्तमान उच्चतम सीमा के अनुसार जारी की जाएगी। तथापि, वर्ष 2018–2019 के लिए पीआइपी परिशोधित उच्चतम सीमा अनुसार निधि जारी करने के लिए क.रा.बी. निगम को 31 मार्च, 2019 तक प्रस्तुत की जानी चाहिए।

च) प्रस्तुत योजना को, क.रा.बी. निगम द्वारा प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, विधिवत मॉनीटर किया जाएगा। दिनांक 19 अप्रैल, 2016 को जारी पत्र संख्या वी–24/11/10/2001–चि.1 के अनुसार तिमाही आधार पर निधि जारी की जाएगी।

पूर्व में, 15 दिसम्बर, 2011 को आयोजित निगम की अपनी बैठक में यह अनुमोदित किया गया कि ₹200/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति का अतिरिक्त प्रोत्साहन का वहन क.रा.बी. निगम द्वारा उन राज्यों की उच्चतम सीमा के अतिरिक्त किया जाएगा जिन राज्यों के सभी क.रा.बी. योजना अस्पताल वित्तीय वर्ष के दौरान 70% या अधिक का अधिभोग दर्ज करते हैं। इस प्रयोजन हेतु, परिशोधित बजट 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 के लिए क्रमशः 60.00 करोड़ प्रत्येक की कुल राशि प्रस्तावित की गई है।

नए अस्पताल अथवा मौजूदा अस्पताल में बाद में जुड़े नए विभाग(गों) में आरंभ में उपस्करों की खरीद पर व्यय सामान्यः अनुपात में भी निगम तथा राज्य सरकार के बीच उच्चतम सीमा के बाहर साझा होता है। लागत की शेयरिंग मौजूदा क.रा.बी. योजना अस्पतालों में महंगे चिकित्सा उपस्करों के प्रतिस्थापन पर व्यय के लिए भी लागू है। राज्य अस्पतालों के लिए नए उपस्कर की खरीद हेतु परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में क्रमशः ₹50.00 करोड़ प्रत्येक की राशि प्रदान की गई है।

निगम ने निर्धारित उच्चतम सीमा तक राज्य सरकार को व्यय का अपना 7/8 भाग का 100% देने हेतु प्रावधान किया है, राशि का 90% भुगतान अग्रिम रूप में किया जाता है तथा शेष 10% का भुगतान संबंधित राज्य महालेखाकार से 'लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्राप्ति' पर किया जाता है। तथापि, यह निर्णय किया गया कि क.रा.बी. निगम उस राज्य में उच्चतम सीमा का 100% वहन करेगी जहां राज्य क.रा.बी. निगम/सोसायटी का गठन किया गया है। क.रा.बी. निगम की दिनांक 06.12.2017 की 172वीं बैठक के निर्णय के अनुसरण के संबंध में विचार/कार्रवाई हेतु सभी राज्यों को एक परिशोधित मॉडल उप विधि भेजी जा रही है।

तदनुसार, वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा बजट प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 हेतु क्रमशः ₹3,338.95 करोड़ तथा ₹4,533.30 करोड़ का प्रस्ताव किया गया है। इनमें से परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2018–2019 में पीआइपी हेतु अतिरिक्त प्रावधान के रूप में ₹100.00 करोड़ का प्रस्ताव किया गया है, जो उपर्युक्त (ङ) में दर्शाई गई शर्तों को पूरा करने पर जारी की जाएगी।

<u>क.रा.बी. निगम सुधार 2.0</u>

46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों पर स्थायी समिति/निगम की बैठक में चर्चा की गई तथा क.रा.बी. निगम द्वारा निम्नलिखित पहल की गई हैं :–

(i) **सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में क.रा.बी. निगम व्याप्ति का प्रसार**

क.रा.बी. योजना का विस्तार अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में किया गया है। मणिपुर में योजना का विस्तार प्रक्रियाधीन है।

(ii) **जिले, जहां वर्तमान में योजना संचालित है, के संपूर्ण क्षेत्र में क.रा.बी. योजना व्याप्ति का विस्तार**

क.रा.बी. निगम ने क.रा.बी. योजना की अखिल भारतीय व्याप्ति हेतु निम्नलिखित लक्ष्यों सहित एक कार्ययोजना बनाई है :–

क्र.सं.	विषय	लक्ष्य वर्ष
1(क)	जिन 81 जिलों में क.रा.बी. योजना आंशिक रूप से कार्यान्वित है, वहां उसे पूर्ण रूप से कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2019
1(ख)	जिन 97 जिला मुख्यालय क्षेत्रों को अधिसूचित किया गया है, वहां योजना को पूर्ण रूप से कार्यान्वित करना।	
2.	जिन 179 जिलों में योजना कार्यान्वित नहीं है, उन जिलों के मुख्यालयों में योजना कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2020
3.	179 जिला मुख्यालयों के अधिसूचित होने के अनुवर्ती वर्ष में संपूर्ण जिलों में योजना कार्यान्वित करना।	31 मार्च, 2021

पूर्वोक्त से क.रा.बी. योजना का देश के विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में शीघ्रता से विस्तार होगा तथा क.रा.बी. योजना के अंतर्गत उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा के हितलाभ सभी पात्र कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्राप्त हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त नए दृष्टिकोण के अनुसार कार्यान्वयन की प्राप्ति हेतु बीमाकृत व्यक्तियों की वृद्धि तथा लाभार्थी केंद्रित सेवाओं सहित आंतरिक लक्ष्य भी तैयार किए जा रहे हैं।

वर्तमान में, 351 पूर्ण कार्यान्वित जिलों सहित योजना 529 जिलों तथा 97 जिला मुख्यालयों में कार्यान्वित है, जबकि 81 जिलों में यह आंशिक रूप से कार्यान्वित है।

(iii) कार्यान्वित क्षेत्रों में निर्माण कामगारों के लिए क.रा.बी. व्याप्ति का विस्तार किया गया है। दिनांक 01 अगस्त, 2015 से निर्माण क्षेत्र कामगारों को हितलाभ उपलब्ध कराने के लिए क.रा.बी. योजना के अंतर्गत व्याप्त किया गया है। हालांकि यह मामला वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

(iv) चिकित्सा देखरेख में सुधार :

- क.रा.बी. लाभार्थियों तथा उनके परिजनों के इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ–रिकॉर्ड की ऑनलाइन उपलब्धता – क.रा.बी. निगम सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली को ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए विन्यस्त किया गया है।
- अभियान इंद्रधनुष : इंद्रधनुषी क्रम के अनुसार सप्ताह में दिनवार चादर बदली जाना।
- आपातकालीन स्थिति में अस्पताल के हताहत/आपातकाल विंग से चिकित्सीय सलाह एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए मेडिकल हेल्पलाइन संख्या 1800 11 3839।
- क.रा.बी. निगम अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष बाह्य रोगी विभाग।

नई पहलें :–

जैसा कि पहले से विद्यमान क्षेत्रों तथा नए क्रियान्वित क्षेत्रों में क.रा.बी. निगम 2.0 के क्रियान्वयन से लगभग 01 करोड़ बीमाकृत व्यक्तियों की वृद्धि हुई है। क.रा.बी. निगम ने आशोधित कर्मचारी उपयोगिता औषधालय(ईयूडी) तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायी(आइ एम पी) योजना शुरु करने का प्रस्ताव किया है। जहां क.रा.बी. निगम के पास स्वास्थ्य देखरेख प्रदान प्रदान करने के लिए स्वयं की पर्याप्त अवसंरचना नहीं है, में क.रा.बी. निगम 2.0 के अंतर्गत नए नामांकित बीमाकृत व्यक्तियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए आशोधित कर्मचारी उपयोगिता औषधालय (ईयूडी) तथा आशोधित बीमा चिकित्सा व्यवसायी (आइएमपी) योजना शुरु करने का प्रावधान किया गया था। इस योजना के अंतर्गत, कर्मचारी उपयोगिता औषधालय तथा बीमा चिकित्सा व्यवसायी के माध्यम से प्राथमिक देखरेख सेवाएं प्रदान की जाएंगी जिसके लिए वर्ष 2019–2020 में ₹10.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। द्वितीयक अर्थात् अस्पताल स्तर पर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रसिद्ध निजी चिकित्सा देखरेख प्रदाता के साथ टाइ–अप व्यवस्थापन करने के लिए पहले ही प्राधिकृत किया जा चुका है तथा कुछ समय में जिला स्तर पर अभिनिर्देशन के लिए सभी टाइ–अप तथा प्रतिपूर्ति प्रत्येक जिले में देखी जाना संभावित है। इसी प्रकार द्वितीयक देखरेख सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना शुरु किया जाना प्रस्तावित था। चूंकि स्वास्थ्य बीमा योजना पर उप समिति की रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है इसलिए बजट प्राक्कलन 2019–2020 में ₹1.00 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

(v) रोगी/परिचर्या देखभाल में सुधार हेतु अन्य पहलें
राज्यों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के अनुसार नए अस्पताल और औषधालय स्थापित करना

- आयुष सेवाओं को बढ़ावा देने और सुविधाओं के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना और व्यक्तिगत चिकित्सा में उनकी ज्ञात शक्ति के आधार पर सुविधाओं को विकसित करना, गैर–संचारी, अपक्षयी और ऑटो प्रतिरक्षा विकारों की रोकथाम और उपचार के लिए, कायाकल्प और जराचिकित्सा देखभाल के लिए चिकित्सा।
- अस्पतालों के परा चिकित्सा और अन्य कर्मचारियों को व्यवहार प्रशिक्षण, मरीजों से संव्यवहार में शिष्टाचार के लिए उनका मार्गदर्शन करना
- अस्पतालों में स्वागत सुविधा और सहायता स्टेशन
- सभी क.रा.बी.निगम अस्पतालों में उपयुक्त संकेत व्यवस्था
- सभी अस्पतालों में योग की सुविधाएं
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग रोगियों के लिए विशेष अपराह्न बाह्य रोगी विभाग
- सभी आंतरिक रोगियों से प्रतिपुष्टि प्रणाली
- जन सुरक्षा वैन सेवाएं
- सभी आदर्श अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा
- सभी क.रा.बी.निगम अति विशिष्टता अस्पतालों में कैथ लैब की सुविधा

---
[9]नियोक्ता उपयोगन औषधालय
[10]बीमा चिकित्सा व्यवसायी

अति विशिष्टता उपचार

क.रा.बी. निगम द्वारा प्रत्यक्ष रूप से संचालित अस्पतालों तथा टाइअप अस्पतालों के माध्यम से अति विशिष्टता उपचार हेतु 2018–2019 के लिए ₹1,176.73 करोड़ का परिशोधित प्राक्कलन और 2019–2020 के लिए ₹1,483.50 करोड़ के बजट प्राक्कलन का प्रावधान किया गया है।

2.2(2) नकद हितलाभ

बीमाकृत व्यक्तियों को बीमारी, कुछेक विनिर्दिष्ट रोगों के कारण विस्तारित बीमारी, प्रसूति, रोजगार चोट से उत्पन्न अस्थायी या स्थायी निःशक्तता की आकस्मिकताओं में नकद हितलाभ तथा किसी व्यावसायिक रोग या रोजगार चोट के फलस्वरूप किसी बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु पर परिवार के जीवित सदस्य(यों) को पेंशन के रूप में आश्रितजन हितलाभ का भुगतान किया जाता है। अंत्येष्टि खर्च भी दिया जाता है। क.रा.बी.निगम ने दिनांक 18/9/18 को आयोजित अपनी 175वीं बैठक में बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु पर देय वर्तमान अंत्येष्टि व्यय राशि ₹10,000 से बढ़ाकर ₹ 15,000 कर दी है। इन हितलाभों का भुगतान कर्मचारी राज्य बीमा(केन्द्रीय) नियमावली,1950 के नियम 54 से 59 में निर्धारित दरों पर किया जाता है।

राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना

चिकित्सा हितलाभ प्रदान करने के साथ–साथ बीमायोग्य रोजगार की 5 वर्ष की न्यूनतम अर्हक अवधि के बाद कारखाना बंद होने पर 6 माह की अधिकतम अवधि हेतु बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए एक अन्य योजना पर विचार किया गया और निगम ने इसका अनुमोदन भी कर दिया है जो दिनांक 01.04.2005 से लागू है। आगे, हितलाभों की आवधिकता 24 महीने की अधिकतम अवधि तक विस्तारित की गई है तथा हकदारी की शर्त के रूप में बीमायोग्य रोजगार की अवधि भी घटाकर 3 वर्ष कर दी गई है। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी भत्ते के दावे के प्रस्तुतीकरण की अवधि दिनांक 01.07.2010 से 6 महीने से बढ़ाकर 9 महीने कर दी गई है। हितलाभ की दर प्रथम 12 माह के लिए पहली औसत दैनिक मजदूरी का 50% है तथा अगले 13 से 24 महीनों के लिए अंतिम औसत दैनिक मजदूरी का 25% है, जिसे दिनांक 06.09.2016 को आयोजित क. रा.बी. निगम की 169वीं बैठक के दौरान निर्धारित किया गया था।

2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में इस योजना हेतु प्रत्येक के लिए ₹7.00 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना

भारत में रोजगार पैटर्न में बदलाव और रोजगार के मौजूदा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, जो दीर्घकालिक रोजगार से निश्चित अल्पकालिक नियुक्तियों में बदल गया है, क.रा.बी.निगम ने कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत बीमाकृत व्यक्तियों(आईपी) के लिए "अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना" नामक महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। यह योजना बेरोजगारी के मामले में, जब वे नई नौकरी खोज रहे होते हैं, जीवन में एक बार 90 दिनों तक मजदूरी की 25 प्रतिशत की दर से नकद के रूप में सीधे उनके बैंक खाते में देय राहत है। बेरोजगारी किसी भी प्रकार की हो सकती है सिवाय कुछ आकस्मिकताओं के, जैसे कि कदाचार के लिए दंड, अधिवर्षिता और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति। यह योजना 01.07.2018 से लागू की गई है।

इस नई योजना के लिए 2018–2019 के लिए अनुपूरक प्राक्कलन और बजट प्राक्कलन 2019–2020 के लिए क्रमशः 10.00 करोड़ और 5.00 करोड़ की राशि प्रदान की गई है।

2.2(3) प्रशासनिक व्यय

प्रशासनिक व्यय में ''वेतन एवं भत्ते'' एवं प्रशासनिक कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति हितलाभ शामिल हैं तथा कार्यालय प्रबंधन पर व्यय 7वें वेतन आयोग के प्रभाव, वस्तुओं की कीमतों और सेवा की लागत में सामान्य वृद्धि तथा भर्तियों को ध्यान में रखते हुए दर्शाया गया है। तथापि, किफायती उपायों को ध्यान में रखा गया है।

केन्द्र सरकार ने नियम 31क के अंतर्गत प्रशासनिक व्यय की प्रतिशतता वर्ष 1997–98 से कुल राजस्व आय की 15% नियत की है। 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन में और 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में प्रशासनिक व्यय इन वर्षों के दौरान कुल राजस्व आय का क्रमशः 5.30% और 6.79% बनता है|.

<u>वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन</u>

I. प्राप्तियाँ :

3.1 चालू वित्त वर्ष 2018–2019 में निगम का राजस्व ₹26,099.03 करोड़ होने का अनुमान है जबकि पहले ₹25,076.76 करोड़ का अनुमान लगाया गया था।

अंशदान :

3.2 अक्टूबर 2018 तक राजस्व की प्रवृति, शेष माह के लिए बीमांकन प्राक्कलन के अनुसार प्रवृति तथा पैरा 2.1 में उल्लिखित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए अंशदान से ₹21,667.34 करोड़ आय का अनुमान है। परिशोधित प्राक्कलन में योजना के कार्यान्वयन हेतु चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार वर्ष के दौरान कर्मचारियों की अतिरिक्त व्याप्ति जिलावार कार्यान्वयन एवं दिनांक 01.01.2017 से मजदूरी की उच्चतम सीमा में ₹15,000/– से ₹21,000/– की वृद्धि का भी ध्यान रखा गया है। दिनांक 31.3.2019 को कुल अनुमानित व्याप्ति 330.26 लाख कर्मचारी होने की सम्भावना है।

3.3 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार अंशदान तथा ब्याज़ की कुल बकाया राशि ₹3,073.29 करोड़ में से ₹1,490.44 करोड़ फिलहाल विभिन्न कारणों से लावसूल है। बकाया तथा लावसूल राशि का ब्योरा निम्नलिखित है :–

क.	फिलहाल लावसूल बकाया राशि		(₹ करोड़ में)
	क)	न्यायालयों में विवादग्रस्त बकाया राशि	1,160.19
	ख)	परिसमापन के अधीन राशि	200.89
	ग)	दावा आयुक्त के पास लंबित राशि	8.94
	घ)	ऐसे कारखाने/स्थापनाएं जो बंद हो गई हैं तथा जिनके नियोक्ताओं का अता–पता मालूम नहीं, से देय राशि	119.57
	ङ)	ऐसी राशि जिनमें डिक्री प्राप्त हो गई है परन्तु निष्पादित नही हुई	0.85
		योग	**1,490.44**
ख.	***रुग्ण उद्योगों से प्राप्य राशि***		
(i)	ऐसे कारखानों से संबंधित मामले जो औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड(बीआइएफआर) से पंजीकृत हैं परन्तु पुनर्वास योजना अभी स्वीकृत की जानी है		85.97
(ii)	ऐसे कारखाने/स्थापनाएं जिन्हें रुग्ण घोषित कर दिया गया है तथा औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड(बीआइएफआर) द्वारा पुनर्वास योजना स्वीकृत कर दी गई है		65.52
ग.	वसूली अधिकारी के पास वसूली हेतु लम्बित वसूली–योग्य प्राप्य राशि		1,431.36
	कुल योग		**3,073.29**

निगम द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 45–ग से 45–झ के अधीन स्थापित अपने स्वयं के वसूली तंत्र के माध्यम से नियोक्ताओं से राशि की वसूली करने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। जहाँ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के उपबंधों के अधीन अभियोजन तथा दाण्डिक कार्रवाई अपेक्षित है, वहां उचित कार्रवाई भी की गई है।

3.4 चिकित्सा हितलाभ के निमित्त राज्य सरकारों का अंश

(1) दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा योजना

निगम ने 1 अप्रैल, 1962 से, दिल्ली में बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिजनों की चिकित्सा देखरेख की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी ली थी। समझौते के अनुसार चिकित्सा देखरेख पर निगम द्वारा किए गए व्यय का 1/8 भाग दिल्ली सरकार से वसूली–योग्य है। यद्यपि दिल्ली सरकार ने वर्ष 1990–1991 से अपने पूरे अंश की अदायगी नहीं की है। परन्तु उन्होंने 5/2005 में ₹10.32 करोड़, 2/2007 में ₹6.00 करोड़, 2/2008 में ₹9.82 करोड़, 6/2008 में ₹6.58 करोड़ तथा दिनांक 19.03.2010 को ₹9.64 करोड़ और दिनांक 28.03.2011 को ₹20.00 करोड़ का भुगतान किया। दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार चिकित्सा देखरेख के संबंध में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा भुगतान हेतु ₹1974.15 करोड़ की राशि लंबित है। इसके अतिरिक्त ₹299.99 करोड़ की राशि चिकित्सा देखरेख के 1/8 भाग की उच्चतम सीमा के अंतर्गत है। इन वर्षों में जारी उच्चतम सीमा के भीतर दिल्ली सरकार के बजट में प्रावधान करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के 1/8 भाग के संबंध में बकाया जारी करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गई है। तदनुसार वर्ष 2018–2019 परिशोधित प्राक्कलन में कोई प्रावधान नहीं किया गया है परंतु 2019–2020 बजट प्राक्कलन में इसके लिए ₹90.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

(2) नोएडा में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा योजना

दिनांक 1.4.1988 से नोएडा में योजना लागू किए जाने से ही कर्मचारी राज्य बीमा निगम नोएडा में चिकित्सा देखरेख मुहैया करा रहा है। नोएडा में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों के संचालन पर व्यय का वहन निगम द्वारा किया जाता है तथा बाद में उत्तर प्रदेश के खातागत भुगतान से इसके आनुपातिक हिस्से की वसूली कर ली जाती है।

3.5 ब्याज़

प्राक्कलित तथा परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में दर्शाए जा रहे ब्याज़ आंकड़े सामान्य आरक्षित निधि और आकस्मिकता आरक्षित निधि और पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि के निवेश पर प्राप्त ब्याज़ से संबंधित हैं। उद्दिष्ट आरक्षित निधि खाते पर प्रोदभूत ब्याज़ संबंधित निधि खाते में जमा किया गया है। कुल प्राक्कलित ब्याज़ तथा उसका नियोजन निम्न प्रकार हैं :–

(₹ करोड़ में)

	परिशोधित प्राक्कलन (2018-19)
गैर–उद्दिष्ट निधि पर ब्याज़	4,230.44
उद्दिष्ट आरक्षित निधि पर ब्याज़	1,734.88
कुल	**5,965.32**

3.6 मुआवज़े

किसी राज्य में बीमाकृत व्यक्तियों को बीमारी हितलाभ के भुगतानों की घटना–दर अखिल भारतीय औसत के 150% से अधिक और उस राज्य में बीमारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या 3 दिनों से अधिक पाए जाने पर इस प्रकार के व्यय की राशि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 58(2) के अधीन करार द्वारा यथा नियत रूप में राज्य सरकार और निगम के बीच बांटी जाती है। चूंकि बीमारी हितलाभ की घटना–दर निर्धारित सीमा के भीतर है, इसलिए परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन 2019–2020 में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

3.7 किराया, पौरकर और कर

इस शीर्ष के अधीन, (i) कार्यालय भवनों (स्टाफ क्वार्टरों सहित) और (ii) अस्पतालों तथा औषधालयों (स्टाफ क्वार्टरों सहित) के संबंध में वसूली–योग्य किराया, पौरकर तथा कर दर्शाए गए हैं। निगम द्वारा निर्मित तथा अपने स्वामित्व वाले अस्पताल तथा औषधालय भवनों से संबंधित किराया, परन्तु उच्चतम सीमा से बाहर, बांटने योग्य व्यय का भाग होता है। इस प्रकार यह निगम तथा राज्य सरकारों के बीच 7:1 के निर्धारित अनुपात में विभाजित हो जाता है। इस शीर्ष के अधीन वर्ष 2017–2018 के लिए ₹112.65 करोड़ की राशि का अनुमान लगाया गया है, जिसमें ₹3.00 करोड़ कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों से संबंधित हैं और ₹109.65 करोड़ अस्पताल और औषधालय भवनों से संबंधित हैं। इस किराए में से केवल 1/8वां भाग ही राज्य सरकारों से वसूल किया गया है तथा क.रा.बी.निगम का 7/8 भाग लेखा समायोजन के रूप में दर्शाया गया है।

3.8 शुल्क, जुर्माने तथा जब्तियाँ

इस शीर्ष में निगम को अंशदान, नियोक्ता और कर्मचारी दोनों अंश, की समय पर अदायगी न कर पाने पर नियोक्ताओं पर लगाए गए हर्जानों के कारण आय शामिल है।

3.9 चिकित्सा शिक्षा प्राप्तियां

चिकित्सा शिक्षा प्राप्तियों में छात्रों द्वारा भुगतान किया गया शुल्क जैसे शिक्षा शुल्क, छात्रावास शुल्क एवं चिकित्सा शिक्षा के रूप में प्राप्त अन्य राशियां शामिल हैं।

3.10 विविध प्राप्तियाँ

इनमें अनुलिपि पहचान–पत्रों की कीमत से हुई आय, छुट्टी वेतन तथा पेंशन अंशदानों की वसूलियां, न्यायालयों द्वारा डिक्री की गई राशियों सहित कानूनी मुकदमों की लागत की वसूलियां, अन्य मौजूदा शीर्षो के अंतर्गत वर्गीकृत न की जा सकने वाली आय तथा अधिक भुगतान तथा लेखापरीक्षा में अस्वीकृत राशि की वसूली; गत वर्षो में किए गए सेवा व्ययों की वसूली तथा नकद हितलाभ की वसूली आवेदकों द्वारा भर्ती हेतु जमा कराए गए शुल्क क.रा.बी. निगम कर्मचारियों को चिकित्सा हितलाभ पर अंशदान आदि शामिल हैं।

II. व्यय :

वर्ष 2018–2019 के दौरान राजस्व लेखे में ₹12,169.27 करोड़ के व्यय का अनुमान है, जबकि मूल बजट में ₹16,077.70 करोड़ प्रत्याशित था। राजस्व व्यय के ब्योरे निम्न प्रकार हैं :–

(क) चिकित्सा हितलाभ :

4.1 इस शीर्ष के अधीन ₹8,799.07 करोड़ का प्रावधान (319.67 लाख बीमाकृत व्यक्तियों के लिए) प्राक्कलित किया गया है।

4.2 वर्ष 2017–2018 तक राज्य सरकारों द्वारा किए गए चिकित्सा व्यय में निगम के अंश (7/8 अंश का 10%) की प्रतिपूर्ति के लिए निगम की बकाया देयता ₹1,341.28 करोड़ अनुमानित है। पिछली देयता के ''खातागत भुगतान'' की निकासी के लिए निगम द्वारा दिनांक 6.12.2017 को आयोजित अपनी 172वीं बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने प्रदत्त वर्ष के लिए क.रा.बी. निगम के लेखा की लेखापरीक्षा कर ली है और प्रमाणित कर दिया है तो राज्य महालेखाकार प्रमाण–पत्र के बदले में एक बार छूट के रूप में यह मान लिया जाएगा कि संबंधित राज्य की परिक्रामी निधि सहित संबंधित क्षेत्रीय निदेशक/राज्य चिकित्सा आयुक्त कार्यालय के लेखा की लेखापरीक्षा हो गई है और प्रमाणित कर दिया गया है। तदनुसार परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2018–2019 तथा बजट प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 प्रत्येक के लिए ₹125.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

4.3 अस्पताल/औषधालय

इस शीर्ष के अंतर्गत धन व्यवस्था में (i) चालू भवन की पूंजीगत लागत के 3.34% की दर से अस्पताल एवं औषधालय भवनों का मूल्यह्रास (₹76.52 करोड़) और (ii) प्रदर्शित व्यय पर भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव (₹235.81 करोड़) तथा (iii) अस्पतालों तथा औषधालयों के लिए किराया तथा नगरपालिका कर (₹45.00 करोड़) शामिल हैं। विशेष मरम्मत पर व्यय मूल्यह्रास आरक्षित निधि में प्रभारित किया जाता है, जबकि अस्पतालों और औषधालय भवनों की मरम्मत और रख–रखाव पर किया गया व्यय चिकित्सा हितलाभ व्यय में प्रभारित किया जाता है।

(ख) नकद हितलाभ :

4.4 ₹1,339.16 करोड़ के मूल प्रावधान की तुलना में विवरण 'ख' में दिए गए ब्योरे के अनुसार परिशोधित व्यय ₹1,765.20 करोड़ है जो स्थायी निःशक्तता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ व्यवस्था के लिए संभावित बीमांकन मूल्यांकन पर आधारित है। इसमें राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना के लिए ₹7.00 करोड़ का प्रावधान भी शामिल है।

प्रतिवर्ष प्रतिकर्मचारी, हितलाभ दिनों की औसत संख्या तथा प्रतिकर्मचारी, बीमारी हितलाभ तथा अस्थायी निःशक्तता हितलाभ की दैनिक दर की औसत राशि नीचे दर्शायी गयी है :–

	वर्ष	बीमारी हितलाभ	अस्थायी निःशक्तता हितलाभ
प्रतिवर्ष प्रतिकर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या (दिनों की संख्या में)	2003-2004	1.80	0.53
	2004-2005	1.55	0.44
	2005-2006	1.34	0.38
	2006-2007	1.12	0.32
	2007-2008	0.98	0.30
	2008-2009	0.94	0.23
	2009-2010	0.85	0.21
	2010-2011	0.55	0.21
	2011-2012	0.53	0.21
	2012-2013	0.57	0.20
	2013-2014	0.47	0.20
	2014-2015	0.45	0.21
	2015-2016	0.37	0.17
	2016-2017	0.33	0.14
	2017-2018	0.29	0.10
ख) प्रतिदिन प्रतिकर्मचारी औसत हितलाभ दर (रुपये में)	2003-2004	80.05	94.22
	2004-2005	80.68	94.68
	2005-2006	83.11	95.21
	2006-2007	84.08	99.65
	2007-2008	96.98	99.63
	2008-2009	121.12	124.57
	2009-2010	126.80	134.10
	2010-2011	136.37	154.86
	2011-2012	160.82	177.01
	2012-2013	159.42	219.51
	2013-2014	194.25	237.52
	2014-2015	217.91	264.45
	2015-2016	261.72	287.39

	वर्ष	बीमारी हितलाभ	अस्थायी निःशक्तता हितलाभ
	2016-2017 2017-2018	251.43 260.19	300.42 307.36

बीमारी हितलाभ तथा अस्थायी निःशक्तता हितलाभ के संबंध में की गई धन व्यवस्था में उपर्युक्त को ध्यान में रखा गया है।

ग. **अन्य हितलाभ :**

5. परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में ₹3.63 करोड़ के प्रावधान में विविध मदों पर यानी चिकित्सा बोर्डों तथा न्यायाधिकरणों को दिए गए शुल्क, चिकित्सा बोर्डो के समक्ष उपस्थित होने के लिए बीमाकृत व्यक्तियों द्वारा परिवहन पर स्वयं किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए भुगतान, चिकित्सा बोर्डो के समक्ष उपस्थित होने के लिए बीमाकृत व्यक्तियों को मजदूरी की हानि के लिए देय राशि के रूप में खर्चें इत्यादि शामिल हैं। इस प्रावधान में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने हेतु ₹100/– प्रति लाभार्थी यात्रा व्यय का भुगतान भी शामिल है।

घ. **प्रशासनिक व्यय**

वर्ष 2018–2019 के लिए प्रशासन पर कुल व्यय ₹1,384.69 करोड़ होने का अनुमान है, जबकि पहले ₹1,740.03 करोड़ का अनुमान लगाया गया था। वर्ष 2018–2019 के लिए प्रतिशत के रूप में प्रशासनिक लागत कुल राजस्व का 5.30% बनती है।

(क) **स्थापना व्यय (ई.बी.आर.एफ.सहित)**

वर्ष 2018–2019 हेतु स्थापना व्यय पर कुल व्यय ₹925 करोड़ दर्शाया है, जबकि पह ₹1222 करोड़ प्राक्कलित था।

(ख) **अन्य प्रशासनिक व्यय**

6.1 पूर्व बजट प्राक्कलन में ₹518.11 करोड़ की तुलना में वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन में ₹460.32 करोड़ की धन व्यवस्था की गई है।

पूंजीगत निर्माण निधि

7.1 निगम ने 2 फरवरी, 1974 को सम्पन्न अपनी बैठक में यह निर्णय लिया था कि नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों के अंशदान से प्राप्त कुल राजस्व का 10% अस्पतालों, औषधालयों तथा अन्य चिकित्सा संस्थाओं और कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में जमा कर दिया जाएगा। इसके पश्चात् दिनांक 19 फरवरी, 1983 को सम्पन्न निगम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि इस धन व्यवस्था को घटाकर अंशदान का 5% कर दिया जाए। फिर, दिनांक 17.12.2004 को सम्पन्न निगम की 129वीं बैठक में निर्णय लिया गया था कि दिनांक 01.04.2005 से इस धन व्यवस्था को घटाकर अंशदान का 1% कर दिया जाए। तदनुसार, परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में अंशदान आय के 1% को दर्शाते हुए परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2018–2019 में ₹216.67 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

आकस्मिकता आरक्षित निधि

7.2 निगम की दिनांक 17 मार्च, 1973 को सम्पन्न बैठक में निर्णय लिया था कि ₹1.00 करोड़ की न्यूनतम राशि की शर्त के अधीन राजस्व लेखे पर व्यय से अधिक आय का 20% इस निधि में जमा किया जाए (यह राशि ₹1.00 करोड़ से कम होने पर संपूर्ण राशि)। स्थायी समिति तथा निगम की 27/28 नवम्बर,1986 को सम्पन्न बैठकों में निर्णय लिया गया कि इस निधि में बकाया राशि केवल ₹75.00 करोड़ तक सीमित रखी जाए। इस निधि में उक्त सीमा तक राशि जमा होने के कारण परिशोधित प्राक्कलन में कोई धन व्यवस्था नहीं की गई है।

पूंजीगत लेखा पर व्यय

8.1 पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि से पूरी की जाने वाली परियोजनाओं की प्रगति को ध्यान में रखते हुए 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन में निर्माण कार्यों पर ₹1,472.70 करोड़ (कार्यालय भवनों तथा स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण के लिए ₹31.79 करोड़, अस्पतालों, औषधालयों और स्टाफ क्वार्टरों के लिए ₹875.87 करोड़ तथा चिकित्सा शिक्षा परियोजनाओं के निर्माण के लिए ₹565.04 करोड़) के व्यय का अनुमान लगाया गया है। अनुमानित व्यय के विवरण परिशिष्ट–3 में दिए गए हैं।

8.2 वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन में गैर परियोजना पर ₹210.74 करोड़ का व्यय प्राक्कलित है, जिसमें कम्प्यूटर के लिए ₹30.10 करोड़ तथा उपस्कर (कार्यालय और चिकित्सा उपस्कर, दोनों) के लिए ₹168.29 करोड़ का बड़ा व्यय सम्मिलित है।

व्यय से आय का आधिक्य

8.3 परिशोधित प्राक्कलन के अनुसार व्यय से अधिक आय के पूर्व अनुमान ₹9,142.03 करोड़ की तुलना में ₹13,929.76 करोड़ अनुमानित है।

8.4 निगम के एक सेवा संगठन होने के कारण इसके संचालन में लाभ का कोई तत्व नहीं है इसलिए आयकर अधिनियम की धारा 10(25) (क) के अंतर्गत क.रा.बी. निधि को निगम द्वारा आयकर के भुगतान से विशेष छूट दी गई है।

लिंग और बाल बजट

8.5 भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के लिए लिंग बजट वार्षिक कार्ययोजना 2018–2019 के अनुसार, क.रा.बी.निगम के लिए नए दिशानिर्देशों को संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं की मदद से श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा किए गए लिंग निर्धारण के आधार पर अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, क.रा.बी.निगम एक लिंग और बाल बजट प्रकोष्ठ की स्थापना पर विचार कर रहा है। क.रा.बी. योजना के तहत सभी बजट शीर्षों में परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 में महिलाओं के लिए अनुमानित बजट प्रावधान ₹2,155.60 करोड़ किया गया है।

वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन

I प्राप्तियां

9. वित्तीय वर्ष 2019–2020 के लिए निगम का अनुमानित राजस्व ₹23,579.58 करोड़ है, जबकि परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2018–2019 में ₹26,099.03 करोड़ दर्शाया गया है।

अंशदान

9.1 क.रा.बी.निगम द्वारा दिनांक 18.09.2018 को आयोजित अपनी 175वीं बैठक में किए गए निर्णय के अनुसार, माननीय अध्यक्ष, क.रा.बी.निगम ने अंशदान की आय के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें अंशदान की कुल दर किसी कर्मचारी को देय मजदूरी के 5 प्रतिशत के बराबर है, जो मौजूदा 4.75 प्रतिशत नियोक्ता के अंश और 1.75 प्रतिशत कर्मचारी के अंश के स्थान पर क्रमशः 4 प्रतिशत और 1 प्रतिशत है। निर्णय के अनुसरण में, कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय), नियमाावली, 1950 के नियम 51 को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी करके संशोधित किया जाना है। इसके अनुसार मसौदा अधिसूचना मंत्रालय को भेज दी गई है। यह अपेक्षित है कि कर्मचारी राज्य बीमा (केंद्रीय) नियमावली का संशोधित नियम 51, दिनांक 01.04.2019 से प्रभावी होगा। तदनुसार, वर्ष 2019–2020 के लिए अंशदान से आय ₹18,333.90 करोड़ प्राक्कलित की गई है, जबकि परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 के लिए यह ₹21,667.34 करोड़ है। इस वृद्धि में कार्यान्वयन कार्यक्रम (परिशिष्ट–1) के अनुसार (क) नए क्षेत्रों में 2019–2020 के दौरान लगभग 20.24 लाख कर्मचारियों की अतिरिक्त व्याप्ति और (ख) अंशदान आय के रुझान को ध्यान में रखा गया है। वर्ष 2019–2020 में कर्मचारियों की भारित औसत संख्या 340.38 लाख अनुमानित है।

9.2 तालिका में 2014–2015 से प्रतिव्यक्ति अंशदान आय दिखाई गई है :–

2014–2015 वास्तविक	2015–2016 वास्तविक	2016–2017 वास्तविक	2017–2018 वास्तविक	2018–2019 परिशोधित प्राक्कलन	2019–2020 बजट प्राक्कलन
₹6,025	₹6,054	₹6,127*	₹6,258	₹6,755	₹5,386

*यह आंकड़ें स्प्री अभियान तथा मजदूरी की उच्चतम सीमा में वृद्धि के कारण वर्ष 2016–17 की अंतिम तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि के कारण प्रतिव्यक्ति आय की घटी हुई राशि दर्शाते हैं।

9.3 ब्याज

बजट प्राक्कलन में प्राक्कलित तथा दर्शाए गए ब्याज़ आंकड़े सामान्य आरक्षित निधि और आकस्मिकता आरक्षित निधि के निवेश और पूंजी निर्माण आरक्षित निधि पर प्राप्त ब्याज़ से संबंधित हैं। उद्दिष्ट आरक्षित निधि खाते पर प्रोद्भूत ब्याज़ संबंधित निधि खाते में जमा कर दिया है। निवेश पर ब्याज की दर में तेजी से गिरावट आई है, अतः निवेश योग्य अधिशेष में वृद्धि के बावजूद कुल ब्याज आय में निवेश के साथ वृद्धि नहीं हुई। पोर्टफोलियो प्रबंधन प्रणाली के संचालन उपरांत निवेश में विविधता के प्रभाव वर्ष 2019–2020 से परिलक्षित होंगे। कुल प्राक्कलित ब्याज़ तथा उसका विनियोजन निम्न प्रकार है :–

(₹ करोड़ में)

	बजट प्राक्कलन (2019-20)
गैर उद्दिष्ट आरक्षित निधि पर ब्याज़	4,952.03
उद्दिष्ट आरक्षित निधि पर ब्याज़	2,031.00
कुल	**6,983.03**

मुआवज़ा

9.4 मुआवज़ा केवल उन्हीं राज्यों से प्रभारित किया जाता है जिसमें प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष बीमारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या 3 दिनों से अधिक होती है और अखिल भारतीय औसत से 150% अधिक होती है। चूंकि बीमारी हितलाभ की घटना दर विहित सीमा के भीतर है, इसलिए वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलनों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

अस्पताल/औषधालय भवनों का किराया

9.5 निगम द्वारा स्थापित एवं इसके स्वामित्व वाले अस्पताल एवं औषधालय भवनों का किराया निगम एवं राज्यों के बीच 7:1 के निर्धारित अनुपात में विभाजित होता है। वर्ष 2018–2019 के लिए इस शीर्ष में कुल ₹ 112.65 करोड़ का अनुमान लगाया गया है, जिसमें से ₹ 3.00 करोड़ कार्यालय भवन एवं स्टाफ क्वार्टर के लिए तथा ₹ 109.65 करोड़ अस्पताल एवं औषधालय भवन के लिए शामिल है। अस्पताल एवं औषधालय भवनों के लिए किराए का केवल 1/8 भाग राज्य सरकारों से वसूल हुआ है। क.रा.बी. निगम के 7/8 भाग को बही समायोजन के रूप में दर्शाया गया है।

II व्यय

10.1 वर्ष 2018–2019 के लिए ₹ 12,169.27 करोड़ के परिशोधित प्राक्कलन की तुलना में वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन में ₹ 14,136.60 करोड़ का कुल व्यय है। प्रावधानों में ₹ 1,967.33 करोड़ तक की बढ़ोतरी की निम्नलिखित पैरा में व्याख्या की गई है।

क. चिकित्सा हितलाभ

11.1 चिकित्सा हितलाभों पर व्यय के लिए कुल ₹ 10,568.29 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उच्चतर प्रावधानों में अन्य मदों के साथ–साथ क्रियान्वित कार्यक्रम के अंतर्गत 20.24 लाख कर्मचारियों की प्रत्याशित अतिरिक्त व्याप्ति शामिल है। किए गए प्रावधानों के ब्यौरों की व्याख्या एतदधीन की गई है :–

		राशि (₹ करोड़ में)
I) चिकित्सा देखरेख पर खर्च का क.रा.बी.(⅞वां) भाग (पूर्व की देयताओं सहित) ***राज्य सरकारों को देय***		4,533.30
II) इन पर क.रा.बी. निगम द्वारा खर्च का प्रत्यक्ष वहन :		
क)	व्यावसायिक रोग केन्द्र वाले अस्पताल/आदर्श अस्पताल/अन्य अस्पताल/औषधालय	3,398.97
ख)	अति विशिष्टता उपचार	1,483.50
ग)	बीमाकृत महिलाओं तथा बीमाकृत व्यक्तियों की पत्नियों को प्रसूति भत्ता	7.20
घ)	अस्पताल एवं औषधालय के मूल्यह्रास का प्रावधान	137.73
ङ)	मरम्मत एवं रखरखाव (अस्पताल एवं औषधालय)	281.99
च)	नगरपालिका कर	45.00
छ)	चिकित्सा शिक्षा	669.04
ज)	आशोधित नियोक्ता उपयोगिता औषधालय	10.00
झ)	क.रा.बी. निगम सुधार 2.0	1.00
ञ)	स्वच्छता कार्य योजना(एसएपी)	0.56
	कुल :	**10,568.29**

11.2 वर्ष 2014–15 से प्रतिकर्मचारी प्रतिवर्ष चिकित्सा देखरेख पर व्यय का निगम के अंश की औसत अनुमानित लागत निम्नानुसार है :–

2014-2015 वास्तविक	**2015-2016** वास्तविक	**2016-2017** वास्तविक	**2017-2018** वास्तविक	**2018-2019** परिशोधित प्राक्कलन	**2019-2020** बजट प्राक्कलन
₹ 3,182	₹ 3,230.78	₹ 2,806.18*	₹ 2,847.20	₹ 2,743.53	₹ 3104.85

*कर्मचारियों की भारित औसत संख्या के अनुसार परिकलित।

11.3 यदि राज्य चालित सभी अस्पतालों में वर्ष 2018–2019 के दौरान 70% से अधिक अधिभोग दर्ज होता है तो राज्य सरकार को ₹200.00 प्रतिबीमाकृत व्यक्ति की राशि के भुगतान के लिए ₹60.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

अस्पताल एवं औषधालय :

12.1 निगम एवं सरकार द्वारा अनुमोदित नई लेखाकरण नीति के अनुसार चालू भवनों की पूंजीगत लागत के 3.34% की दर पर (₹137.73 करोड़) अस्पताल एवं औषधालय भवनों के लिए मूल्यह्रास व्यवस्था की गई है।

12.2 वर्ष भर में अनुमानित मरम्मत एवं रखरखाव खर्च के अनुसार इन भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव (₹281.99 करोड़)।

12.3 निगम के भवनों के संबंध में देय नगरपालिका कर आदि (₹45.00 करोड़)।

ख. नकद हितलाभ

13.1 वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन तथा जिलावार व्याप्ति के कारण 20.24 लाख कर्मचारियों की संभावित अतिरिक्त व्याप्ति को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019–2020 के दौरान नकद हितलाभों पर ₹1,779.59 करोड़ के खर्च का अनुमान है। वर्धित प्रावधान भी संबंधित उद्दिष्ट निधि में स्थानांतरित किए जाने वाले स्थायी निःशक्तता हितलाभ और आश्रितजन हितलाभ के पूंजीकृत मूल्य के बीमांकिक निर्धारण के फलस्वरूप है।

अन्य हितलाभ

13.2 ₹3.83 करोड़ के प्रावधान में विविध मदों पर हुए खर्च यथा–चिकित्सा बोर्डों, अधिकरणों को अदा किए गए शुल्क, चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिए सवारी खर्च हेतु बीमाकृत व्यक्तियों को प्रतिपूर्ति, उक्त बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिए बीमाकृत व्यक्तियों को मजदूरी में हुए नुकसान के प्रति भुगतान आदि सम्मिलित हैं। इस प्रावधान में जीवन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के लिए ₹100/– प्रति लाभार्थी यात्रा खर्च का भुगतान भी शामिल है।

13.3 प्रतिव्यक्ति व्यय

प्रतिकर्मचारी प्रतिवर्ष नकद हितलाभों की विभिन्न कोटियों की औसत अनुमानित लागत नीचे दर्शायी गई है :

(₹ में)

क्र. सं.	हितलाभ	2014-2015 वास्तविक	2015-2016 वास्तविक	2016-2017 वास्तविक	2017-2018* वास्तविक	2018-2019 परिशोधित प्राक्कलन	2019-20 बजट प्राक्कलन
i)	बीमारी हितलाभ	140.01	136.98	123.54	127.47	129.83	163.64
ii)	विस्तारित बीमारी हितलाभ	18.81	19.31	17.20	17.03	16.86	14.31
iii)	मातृत्व हितलाभ	47.35	47.22	40.69	75.46	93.53	132.21
iv)	अस्थायी निःशक्तता हितलाभ	54.68	48.56	44.28	38.21	49.17	41.13
v)	स्थायी निःशक्तता हितलाभ (पूंजीकृत मूल्य)	0.00	0.00	211.11	0.00	127.00	96.04
vi)	आश्रितजन हितलाभ (पूंजीकृत मूल्य)	108.06	109.60	235.68	0.00	91.13	64.93
Vii)	अन्त्येष्टि खर्च	8.22	8.11	6.60	6.55	6.36	7.34
viii)	राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना	2.69	2.26	1.67	1.76	1.87	1.76
ix)	अटल बीमित योजना	--लागू नहीं --	--लागू नहीं --	--लागू नहीं --	--लागू नहीं--	3.11	1.47
x)	अन्य हितलाभ	1.43	1.33	1.09	1.04	1.13	1.13
	कुल	**381.25**	**373.37**	**681.86**	**267.52**	**519.99**	**523.95**

*कर्मचारियों की भारित औसत संख्या अनुसार परिकलित।

13.4 अंशदान से आय की प्रतिशतता के अनुसार हितलाभों पर खर्च निम्नानुसार है :

हितलाभ	2014-2015 वास्तविक	2015-2016 वास्तविक	2016-2017* वास्तविक	2017-2018 वास्तविक	2018-2019 परिशोधित प्राक्कलन	2019-2020 बजट प्राक्कलन
चिकित्सा हितलाभ	52.58%	53.36%	60.21%	34.21%	40.61%	57.64%
नकद तथा अन्य हितलाभ	6.30%	6.16%	14.62%	3.20%	8.15%	12.19%

*कर्मचारियों की भारित औसत संख्या अनुसार परिकलित।

प्रशासनिक व्यय :

14.1 बजट प्राक्कलन 2019–2020 में प्रशासन पर व्यय के लिए ₹1,601 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2018–2019 के लिए परिशोधित प्राक्कलन में ₹925.00 करोड़ की तुलना में इसमें वेतन एवं भत्तों के निमित्त ₹1095.00 करोड़ की व्यवस्था की गई है। परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019 के आंकड़ों में ₹170.00 करोड़ की वृद्धि, वेतन–वृद्धि का प्रभाव, महंगाई भत्ते में प्रदर्शित वृद्धि, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आदि के कारण है।

14.2 'अन्य प्रशासनिक व्यय' शीर्ष के अधीन ₹507 करोड़ का प्रावधान वस्तुओं के मूल्य एवं सेवाओं की लागत, भर्ती व्यय तथा कार्यालय भवन की मरम्मत और रखरखाव में वृद्धि को ध्यान में रखकर किया गया है।

14.3 वर्ष 2019–2020 के लिए कुल राजस्व की प्रतिशतता के अनुसार प्रशासनिक लागत 6.79% बनती है।

लिंग तथा बाल बजट

15.1 श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, क.रा.बी.निगम एक लिंग और बाल बजट प्रकोष्ठ की स्थापना पर विचार कर रहा है। इसके अलावा, क.रा.बी.निगम ने क.रा.बी.निगम के लिए लिंग बजट वार्षिक योजना 2019–2020 के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए भी योजना बनाई है, जिसमें लिंग लेंस के माध्यम से क.रा.बीमा की सभी योजनाओं का तीसरा पक्ष मूल्यांकन, लिंग संवेदीकरण के लिए प्रशिक्षण/कार्यशाला/संगोष्ठी का आयोजन, सेक्स–विच्छेदित डेटा के लिए क.रा.बीमा की सभी योजनाएं शामिल है। क.रा.बीमा योजना के तहत सभी बजट शीर्षों में परिशोधित प्राक्कलन 2019–2020 में महिलाओं के लिए अनुमानित बजट प्रावधान ₹5,586.82 करोड़ किया गया है।

पूंजीगत निर्माण एवं आकस्मिकता आरक्षित निधि में अंशदान

16.1 दिनांक 17.12.2004 को संपन्न निगम की बैठक में किए गए निर्णयानुसार अंशदान आय के 1 प्रतिशत की दर पर पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में ₹183.33 करोड़ के अंतरण की व्यवस्था की गई है।

16.2 आकस्मिकता आरक्षित निधि में वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन में कोई प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि उक्त निधि में शेष ₹75.00 करोड़ के निर्धारित स्तर पर है।

पूंजीगत लेखा पर व्यय

17.1 बजट प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 के लिए पूंजीगत लेखा परिव्यय हेतु विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत बनाई गई परियोजनाएं निम्नानुसार हैं :–

(i)	चिकित्सा संस्थाओं के लिए	₹ 345.51 करोड़
(ii)	अस्पतालों / औषधालयों के लिए	₹ 1,287.45 करोड़
(iii)	क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए	₹ 9.94 करोड़

17.2 वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में, गैर–परियोजना पर खर्च 392.46 करोड़ अनुमानित किया गया है, जिसमें कंप्यूटर के लिए ₹ 177.45 करोड़ और उपकरण (दोनों कार्यालय और चिकित्सा उपकरण) के लिए ₹ 201.06 करोड़ का मुख्य व्यय शामिल है।

व्यय से आय का आधिक्य

18 वर्ष 2018–2019 के परिशोधित प्राक्कलन में प्रत्याशित ₹ 13,929.76 करोड़ की तुलना में वर्ष 2019–2020 के बजट प्राक्कलन में राजस्व लेखे पर खर्च से ₹ 9,442.98 करोड़ की अधिक निवल आय प्रत्याशित है।

19 राजस्व लेखा में आय एवं व्यय के अलावा वित्तीय विवरण अर्थात् विवरण क–आवतियां एवं विवरण ख–व्यय में अन्य लेखा शीर्षों अर्थात् ऋण जमा, आरक्षित निधियां, पेशगियां, प्रेषण एवं नकद शेष आदि के प्राक्कलन भी समाविष्ट हैं। वार्षिक अंशदान एवं संबंधित आरक्षित निधियों में शेष राशियों के निवेश पर जमा ब्याज़ के द्वारा आरक्षित निधियों में धन व्यवस्था प्राप्ति भाग में दर्शाई गई है। आरक्षित निधियों में पहले से उपलब्ध शेष में जमा या निकासी को वर्ष के दौरान विस्तृत शीर्ष आरक्षित निधि निवेश के सामने व्यय भाग में दर्शाया गया है।

अंत रोकड़ शेष

19 31 मार्च, 2019 एवं 2020 को बैंकों में अंत रोकड़ शेष तथा हाथ रोकड़ शेष ₹ 30.00 करोड़ प्रत्याशित है। दिनांक 31.03.2019 एवं 31.03.2020 को ₹ 30.00 करोड़ की राशि खाता संख्या 1 (संग्रह खातों) में रहेगी तथापि, जहां तक संभव हो, हाथ / बैंक में नकद को न्यूनतम स्तर तक प्रतिबंधित किया जाएगा।

20. परिशिष्ट–II के विवरण दर्शाते हैं :

क. अंशदानों से प्रतिव्यक्ति आय;

ख. राजस्व लेखा पर प्रतिव्यक्ति व्यय तथा

ग. अंशदान आय का अंतर।

संध्या

(संध्या शुक्ला)
वित्त आयुक्त

	वर्ष 2018–2019 के लिए परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन विवरण—क प्राप्ति				
	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
					(₹ लाख में)
	राजस्व के मुख्य शीर्ष				
I.	अंशदान	20,07,718.35	20,90,000.00	21,66,734.00	18,33,390.00
ii.	चिकित्सा हितलाभ पर निगम द्वारा आरम्भ में किए गए व्यय में राज्य सरकार का अंश	0.00	9,000.00	0.00	9,000.00
	राजस्व के अन्य शीर्ष				
iii.	ब्याज़	3,19,688.17	3,92,635.00	4,23,004.00	4,95,203.00
iv.	किराया, पौरकर तथा कर				
	(i) निगम के कार्यालय (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	274.15	300.00	300.00	300.00
	(ii) अस्पताल तथा औषधालय (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	5,477.60	8,641.00	10,965.00	10,965.00
v.	शुल्क, जुर्माना तथा जब्तियां	3,647.53	3,600.00	4,700.00	4,800.00
vi.	चिकित्सा शिक्षा प्राप्तियां	1,530.88	1,500.00	2,200.00	2,300.00
vii.	विविध	9,699.63	2,000.00	2,000.00	2,000.00
	कुल–राजस्व	**23,48,036.31**	**25,07,676.00**	**26,09,903.00**	**23,57,958.00**
	ऋण, आरक्षित निधियां, जमा, पेशगियां तथा धन प्रेषण				
	साधारण ऋण, राज्य सरकार (महाराष्ट्र) द्वारा लौटाया गया ऋण	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल साधारण ऋण	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**
	अनिधिक ऋण **क.रा.बी. निगम सामान्य भविष्य निधि**				
I.	कर्मचारियों का अभिदान	17,533.78	19,020.00	17,579.00	19,337.00
ii.	कर्मचारियों के अभिदान पर ब्याज़	7,057.86	8,285.00	7,727.00	8,318.00
iii.	**कुल अनिधिक ऋण**	**24,591.64**	**27,305.00**	**25,306.00**	**27,655.00**
	आरक्षित निधि :				
क.	**स्टाफ क्वार्टरों सहित निगम के कार्यालय भवनों का मूल्यह्रास आरक्षित निधि लेखा**				
I.	निधि में अंतरित वार्षिक मूल्यह्रास प्रभार	787.62	817.00	2,395.09	2,207.66
ii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	189.43	240.00	154.00	180.00
iii.	अन्य प्राप्तियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00
iv.	**घटाएं–वर्ष के दौरान पेशगियां**	**-1,139.62**	**-7,205.00**	**-5,579.00**	**-9,761.00**

	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
					(₹ लाख में)
ख.	**अस्पताल तथा औषधालय भवनों (स्टाफ क्वार्टरों सहित) का मूल्यह्रास आरक्षित निधि लेखा**				
I.	निधि में अंतरित वार्षिक मूल्यह्रास प्रभार	9,754.29	19,689.00	14,010.47	21,432.73
ii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	6,498.93	7,980.00	6,662.00	7,799.00
iii.	अन्य प्राप्तियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00
iv.	***घटाएं—वर्ष के दौरान पेशगियां***	**-2,628.46**	**-17,845.00**	**-17,095.00**	**-29,480.00**
ग.	**अन्य परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास आरक्षित निधि लेखा (संयंत्र एवं मशीनरी, फर्नीचर तथा वाहन)**				
i	निधि में अंतरित वार्षिक मूल्यह्रास प्रभार	8,919.85	4,320.00	2,395.09	2,207.66
ii	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	4,409.56	5,460.00	4,813.00	5,635.00
iii	अन्य प्राप्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00
iv.	**घटाएं—वर्ष के दौरान अग्रिम**	**0.00**	**-300.00**	**0.00**	**0.00**
घ.	**स्थायी (आंशिक तथा पूर्ण) निःशक्तता हितलाभ आरक्षित निधि लेखा**				
I.	वार्षिक प्रावधान	0.00	31,206.00	40,730.00	46,840.00
ii.	अन्य प्राप्तियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00
iii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	43,058.89	53,040.00	39,174.00	45,861.00
iv.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-22,018.57**	**-31,000.00**	**-34,000.00**	**-44,500.00**
ङ.	**आश्रितजन हितलाभ आरक्षित निधि लेखा**				
i.	वार्षिक प्रावधान	0.00	24,540.00	29,930.00	33,610.00
ii.	अन्य प्राप्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00
iii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	27,729.61	34,140.00	25,014.00	29,283.00
iv.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-17,166.17**	**-19,000.00**	**-28,000.00**	**-32,000.00**

	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
					(₹ लाख में)
च.	**चिकित्सा शिक्षा भवन के लिए मूल्यह्रास आरक्षित निधि**				
I.	निधि में अंतरित वार्षिक मूल्यह्रास प्रभार	2,530.34	38,162.00	29,000.00	38,634.00
ii.	अन्य प्राप्तियाँ	0.00	0.00	0.00	0.00
iii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	199.05	240.00	370.00	433.00
iv.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**
छ.	**कर्मचारी हितलाभ आरक्षित निधि—पेंशन**				
I.	वर्ष के लिए वार्षिक प्रावधान	10,516.97	49,027.00	46,962.00	52,563.00
ii.	अन्य प्राप्तियाँ	548.65	220.00	700.00	600.00
iii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	68,920.30	84,900.00	62,955.00	73,700.00
iv.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-42,795.91**	**-55,000.00**	**-58,000.00**	**-63,700.00**
ज.	**कर्मचारी हितलाभ आरक्षित निधि—उपदान**				
I.	वर्ष के लिए वार्षिक प्रावधान	3,859.35	14,536.00	8,606.00	9,638.00
ii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	5,258.63	6,480.00	4,662.00	5,458.00
iii.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-8,247.79**	**-10,000.00**	**-10,100.00**	**-12,300.00**
झ.	**कर्मचारी हितलाभ आरक्षित निधि—छुट्टी नकदीकरण**				
I.	वर्ष के लिए वार्षिक प्रावधान	-7,588.64	11,887.00	4,323.00	4,842.00
ii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	4,366.35	5,400.00	3,294.00	3,850.00
iii.	**घटाएँ—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-4,108.71**	**-4,400.00**	**-5,000.00**	**-6,100.00**
ञ.	**कर्मचारी हितलाभ आरक्षित निधि—पेंशनभोगी चिकित्सा योजना**				
i.	वर्ष के लिए वार्षिक प्रावधान	473.00	5,000.00	500.00	600.00
ii.	पेंशनभोगियों से प्राप्त अंशदान	236.49	300.00	500.00	600.00
iii.	निवेश पर प्राप्त ब्याज़	961.07	1,200.00	896.00	1,049.00
iv.	**घटाएं—वर्ष के दौरान वास्तविक भुगतान**	**-899.06**	**-950.00**	**-1,100.00**	**-1,300.00**

	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
					(₹ लाख में)
ट.	**पूंजीगत निर्माण निधि लेखा**				
i.	निधि में अंतरित वार्षिक राशि	20,077.18	20,900.00	21,667.34	18,333.90
ii.	अन्य प्राप्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00
	घटाएं—वर्ष के दौरान भवनों के निर्माण के लिए निर्माण एजेंसियों को दी गई पेशगियां				
i.	निगम के कार्यालय (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	-1,911.96	-1,239.00	-3,170.00	-994.00
ii.	अस्पताल एवं औषधालय	-35,658.16	-1,97,179.00	-87,587.00	-12,8745.00
iii.	चिकित्सा शिक्षा परियोजनाएं	-32,129.48	-1,00,554.00	-56,504.00	-34,551.00
ठ.	**आकस्मिकता आरक्षित निधि लेखा**	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल आरक्षित निधियां	**43,003.03**	**-24,988.00**	**-14,7261.00**	**-41,926.05**
	जमा				
i.	प्रतिभूति जमा	752.43	1,100.00	1,100.00	1,150.00
ii.	अन्य जमा	1,978.65	2,300.00	9,000.00	5,000.00
iii.	**कुल जमा**	**2,731.08**	**3,400.00**	**10,100.00**	**6,150.00**
	पेशगियां				
i.	**स्थायी पेशगियां**	4.99	10.00	10.00	10.00
ii.	**निगम के कर्मचारियों को पेशगी**				
क.	स्थानांतरण पर वेतन अग्रिम	13.66	0.00	5.00	5.00
ख.	स्थानांतरण पर परिवहन भत्ता अग्रिम	17.70	25.00	25.00	30.00
ग.	दौरे पर परिवहन भत्ता अग्रिम	93.62	130.00	140.00	150.00
घ.	छुट्टी यात्रा रियायत के लिए अग्रिम	879.59	1,000.00	1,050.00	1,100.00
ङ	मोटर वाहन की खरीद के लिए अग्रिम	74.04	60.00	60.00	70.00
च.	अन्य वाहन की खरीद के लिए अग्रिम	0.30	1.00	1.00	1.00
छ.	गृह निर्माण अग्रिम	26.59	100.00	100.00	200.00
ज.	कम्प्यूटर अग्रिम	206.75	450.00	300.00	400.00
झ.	विविध अग्रिम (त्योहार अग्रिम, बाढ़ अग्रिम, चिकित्सा एवं पंखा अग्रिम)	260.52	650.00	600.00	650.00
iii.	**अन्य पेशगियां**				
क.	राज्य सरकार/निर्माण/कर्मचारी बीमा न्यायालय को अदा की गई पेशगियां	423.16	2,000.00	2,000.00	2,000.00
ख.	विविध	1,531.25	2,600.00	2,600.00	2,600.00
ग.	विशेष अग्रिम	9.01	60.00	60.00	60.00
	कुल अग्रिम (I+II+III)	**3,541.43**	**7,086.00**	**6,951.00**	**7,276.00**

	लेखा शीर्ष	वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
					(₹ लाख में)
	धन प्रेषण				
i.	नकदी प्रेषण (क)	12,00,039.77	12,00,000.00	13,50,000.00	15,00,000.00
ii.	अन्य धन प्रेषण (ख)	20,11,456.26	18,40,000.00	22,00,000.00	24,50,000.00
	कुल धन प्रेषण	**32,11,496.03**	**30,40,000.00**	**35,50,000.00**	**39,50,000.00**
	कुल ऋण, आरक्षित निधियां, जमा, अग्रिम एवं धन प्रेषण आदि	**32,85,363.21**	**30,52,803.00**	**36,35,934.65**	**40,33,007.45**
	कुल प्राप्तियां	**56,75,043.60**	**55,60,479.00**	**62,45,837.65**	**63,90,965.05**
	आदि रोकड़ शेष	16,685.23	3,000.00	6,345.22	3,000.00
	प्राप्तियों का कुल योग	**56,50,084.75**	**55,63,479.00**	**62,52,182.87**	**63,93,965.05**

(क) "नकद धन प्रेषण" शब्द का अर्थ एक लेखा परिमंडल से अन्य लेखा परिमंडल को तथा इसके विपरीत क्रम से निधियों (नकद) का अंतरण है। निगम का राजस्व भारतीय स्टेट बैंक एवं इसके सहयोगी बैंकों के माध्यम से एकत्र किया जाता है। प्राप्त अंशदान टेलीग्राफिक अंतरणों के माध्यम से खाता संख्या 1 केन्द्रीय (मुख्यालय) में साप्ताहिक रूप में अंतरित किया जाता है।

(ख) "अन्य धन प्रेषण" शब्द का अर्थ निगम के एक कार्यालय से अन्य कार्यालयों के बीच खाता समायोजन है। निगम के एक कार्यालय में किया गया ऐसा लेनदेन जिसका समायोजन किसी दूसरे कार्यालयों के खाते में किया जाता हो, का अंतरण विनिमय खाते के माध्यम से किया जाता है और इसे इस शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया जाता है।



(संध्या शुक्ला)
वित्त आयुक्त

वर्ष 2018–2019 के लिए परिशोधित प्राक्कलन वर्ष 2019–2020 के लिए बजट प्राक्कलन विवरण—ख व्यय						
	लेखा शीर्ष		वास्तविक 2017–2018	बजट प्राक्कलन 2018–2019	परिशोधित प्राक्कलन 2018–2019	बजट प्राक्कलन 2019–2020
						(₹ लाख में)
राजस्व लेखे पर व्यय						
1	**बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिजनों को हितलाभ :**					
क.	**चिकित्सा हितलाभ**					
I.	i)	चिकित्सा देखरेख उपचार तथा मातृत्व सुविधाओं पर खर्च में निगम के अंश के रूप में राज्य सरकारों को भुगतान	2,90,665.51	5,21,100.00	3,33,895.00	4,53,330.00
	ii)	वर्धित उच्चतम सीमा हेतु अतिरिक्त प्रावधान	0.00	50,000.00	10,000.00	0.00
II.	निम्न पर निगम द्वारा सीधे किया गया व्यय :					
क)	व्यावसायिक रोग केन्द्र/आदर्श अस्पताल सहित अस्पताल		2,49,084.51	3,13,220.00	3,28,377.00	3,39,897.00
ख)	अति विशिष्टता उपचार		95,535.16	1,17,673.00	1,17,673.00	1,48,350.00
ग)	बीमाकृत महिलाओं और बीमाकृत व्यक्तियों की पत्नियों को प्रसव भत्ता		430.75	700.00	500.00	720.00
घ)	अस्पताल एवं औषधालय का मूल्यह्रास प्रावधान		11,690.26	19,689.00	7,652.19	13,773.24
ङ)	मरम्मत एवं रखरखाव (अस्पताल एवं औषधालय)		13,858.82	24,572.00	23,581.00	28,199.00
च)	अस्पताल एवं औषधालय का किराया, भाड़ा तथा कर		1,263.11	2,000.00	4,500.00	4,500.00
